# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


- रायपुर में सात साल के मासूम की मौत ने पूरे राज्य को झकझोर दिया
- स्वतः संज्ञान लिया शासन से मांगा जवाब, 29 को होगी अगली सुनवाई

### ये घटना प्रशासन की नाकामी

*हाईकोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि चाइनीज मांझे के कारण हो रहे हादसे रोकने के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। हाईकोर्ट ने पूछा कि बाजार में इस प्रतिबंधित उत्पाद की बिक्री पर रोक लगाने के लिए* ⏭शेष पेज 4 पर

# मांझे से मासूम की मौत पर हाईकोर्ट सख्त, पूछा- प्रतिबंध के बावजूद बाजार में कैसे मिल रहा, निगरानी क्यों नहीं, मुआवजा दिया क्या?

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रायपुर में 7 वर्षीय मासूम की चाइनीज मांझे के कारण दर्दनाक मौत ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया। इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने इस घटना पर कड़ी नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। इस गंभीर मामले पर चीफ जस्टिस ने सरकार से पूछा है कि चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध के बावजूद यह ⏭शेष पेज 4 पर





गले में फंसा धागा, खून से लथपथ बच्चे को ले गए अस्पताल, पर बचा नहीं पाए

चाइनीज मांझे ने बुझा दिया घर का चिराग, पिता के साथ गार्डन जा रहे 7 साल के मासूम की मौत

### बाजार में उपलब्धता पर कार्रवाई हो

कोर्ट ने कहा है कि राज्य सरकार ने चाइनीज मांझे पर नोटिफिकेशन जारी किया था, लेकिन इसका पालन न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। हाईकोर्ट ने कहा है कि प्रशासन को चाहिए कि वह चाइनीज मांझे पर पूरी तरह से प्रतिबंध लागू करने के लिए सक्रियता दिखाए और बाजार में इसकी उपलब्धता पर सख्त कार्रवाई करे। इसके साथ ही मासूम की मौत ने जो सवाल खड़े किए हैं, उनका समाधान अब सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

### पिता के साथ गार्डन घूमने जा रहा था बच्चा

ज्ञात हो कि टिकरापारा थाना इलाके में धनेश साहू अपने बच्चे पुष्कर साहू के साथ बाइक से रविवार शाम 5 बजे संतोषी नगर से कटोरा तालाब गार्डन घूमने जा रहे थे, तभी पचपेड़ी ⏭शेष पेज 4 पर

## हादसे के बाद पतंग दुकानों की जांच, 8 बंडल चायनीज मांझा जब्त, एक दुकान सील



रायपुर। प्रतिबंधित चाइनीज मांझा से लक्ष्मीनगर निवासी धनेश साहू के पुत्र की मौत के बाद निगम प्रशासन सोमवार को हरकत में आया। निगम के राजस्व विभाग की टीमों ने शहर की पतंग दुकानों की जांच की। इस दौरान संतोषी नगर स्थित 2 पतंग दुकानों से 8 बंडल प्रतिबंधित मांझा जब्त किया गया। साथ ही सत्ती बाजार में सत्ती मंदिर के पास की पतंग दुकान के पास अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं होने पर दुकान को ⏭शेष पेज 4 पर

### दो दुकानें बंद मिली

जोन 4 की राजस्व विभाग टीम ने सत्ती बाजार के पास संजय पतंग दुकान को अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं मिलने पर सीलबंद करने की कार्यवाही की। श्याम टाकीज बूढ़ापारा के पास दो पतंग दुकानें आकस्मिक निरीक्षण के दौरान बंद मिली।



नगरीय निकाय के लिए बजा बिगुल : वोटिंग 11 फरवरी एक ही दिन, नतीजे 15 को

# मेयर-पार्षद का चुनाव 11 फरवरी पंचायत के लिए तीन चरणों में वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के लिए बहुप्रतिक्षित आचार संहिता लागू हो गई। महापौर और पार्षद के लिए चुनाव एक ही दिन होंगे। जबकि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 3 चरण में आयोजित किए जाएंगे। दोनों चुनाव की प्रक्रिया 22 जनवरी से शुरू होकर 24 फरवरी को पूरी होगी। नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया 22 जनवरी शुरू होगी। पंचायत चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन 27 जनवरी से शुरू होगी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि नगरीय निकाय चुनावों के लिए एक ही चरण में 11 फरवरी को मतदान होगा। 15 फरवरी को परिणाम घोषित किया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरणों में होंगे। पंचायत चुनाव के लिए 17 फरवरी को पहला चरण, 20 फरवरी को दूसरा चरण, 23 फरवरी तीसरे चरण के लिए वोटिंग होगी। वहीं, मुख्यालय स्तर पर 18 फरवरी, 21 फरवरी और 24 फरवरी को परिणाम घोषित किया जाएगा।

⏭शेष पेज 4 पर



### नगरीय निकाय चुनाव की जानकारी

- नामांकन-22 जनवरी
- नामांकन की आखिरी तिथि-28 जनवरी
- 11 फरवरी को मतदान, 15 को आएंगे परिणाम
- एक चरण में मतदान, ईवीएम के जरिए होगी मतदान
- नगर पालिका में कुल पुरुष वोटर्स - 2200525
- महिला वोटर्स की संख्या संख्या - 2273232
- अन्य वोटर्स - 512
- नगर पालिका में कुल मतदाता - 4474269
- मतदान केंद्र-5970, उप चुनाव के लिए 22

- त्रिस्तरीय पंचायत के लिए तीन चरणों में, 17, 20 और 23 फरवरी को मतदान
- नगरीय निकाय के लिए ईवीएम और पंचायत के लिए बैलेट पेपर से मतदान

### 10 नगर निगमों में होंगे चुनाव

राज्य के 10 नगर निगम में चुनाव होंगे। अंबिकापुर, कोरबा, चिरमिरी, जगदलपुर, दुर्ग, धमतरी, बिलासपुर, राजनांदगांव, रायगढ़ और रायपुर नगर निगम में मतदान होंगे। 49 नगर पालिका, 114 नगर पंचायत में चुनाव होंगे। जिला ⏭शेष पेज 4 पर

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से जुड़ी जानकारी

- कुल तीन चरण में होंगे पंचायत चुनाव
- 17, 20 और 23 फरवरी को मतदान
- 18, 21 और 24 फरवरी को होगी मतगणना
- मत पत्र से होंगे चुनाव
- जिला पंचायत सदस्य - 433
- जनपद पंचायत सदस्य - 2973
- सरपंच - 11672
- पंच - 160180
- कुल 1, 75 258 पदों के लिए होंगे चुनाव.
- कुल 1 लाख 75 हजार 258 पदों के लिए चुनाव
- कुल पुरुष वोटर्स - 78,20202
- कुल महिला वोटर्स - 79,92184
- कुल वोटर्स की संख्या की संख्या - 1,58,12 580
- कुल मतदान केंद्रों की संख्या - 31041
- संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या - 7128
- अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र - 2161

# भाजपा के पास खोने के लिए कम, पाने के लिए बहुत कुछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सत्ता में रहते कांग्रेस जीती थी 10 निगम निकाय में भी कांग्रेस का वर्चस्व
- चुनावी तैयारियों में भी भाजपा बीस, कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती

हरिभूमि तत्काल

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनावों का ऐलान हो गया है। ऐलान के साथ ही सियासी समीकरण तय होने लगे हैं। पिछले चुनाव में राज्य में कांग्रेस की सरकार थी। इस सरकार ने चुनाव प्रणाली में बदलाव करके निगमों, पालिकाओं के मेयर और अध्यक्ष का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से करवाया था। राज्य की 10 निगमों में सभी में कांग्रेस के मेयर चुने गए थे। अधिकांश पालिकाओं में भी ऐसी स्थिति थी। लेकिन इस बार हो रहे चुनाव के समय राज्य में भाजपा की सरकार है। इस सरकार के एक साल से अधिक के ⏭शेष पेज 4 पर

### हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे : सीएम साय



हम प्रदेश के नगरीय निकायों और पंचायतों में भी जनादेश परब मनाने के प्रति पूरी तरह आश्वस्त हैं। जनता का विश्वास पूर्णतः भाजपा पर है, भाजपा की सही नीति और साफ नीयत पर है। यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश में नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा होने पर कही और इसे भाजपा के लाखों ⏭शेष पेज 4 पर

### बसपा भी चुनाव लड़ने की तैयारी में

राज्य में बहुजन समाज पार्टी भी नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनाव लड़ने की तैयारी में है। पार्ट के जोन अध्यक्ष ⏭शेष पेज 4 पर

### आप भी उतरेगी मैदान में

आम आदमी पार्टी भी निकाय और पंचायत चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा है कि चुनाव के ⏭शेष पेज 4 पर

### हम मजबूती से लड़ेगें चुनावः दीपक बैज



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की चुनावी तैयारियां पूरी है। हमें भरोसा है चुनाव में जनता का आर्शिवाद कांग्रेस पार्टी को मिलेगा। हमारे प्रभारी, पर्यवेक्षक वार्डों में बैठकें ले रहे है। हम मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने अधिकांश नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में जीत हासिल किया था। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के खिलाफ वातारण है। लोग प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था, रोज हो रही हत्याओं, बलात्कार, लूट, चाकूबाजी की घटनाओं के कारण सरकार से निराश है, भाजपा की साय सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में जनता को निराश किया है। विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने जनता से जो वादा किया था, एक साल में उसको पूरा नहीं किया है।

## पूर्व कांस्टेबल के घर 50 लाख की संपत्ति



**नई दिल्ली**। ईडी ने आय से अधिक संपत्ति से जुड़े कथित धनशोधन मामले में मप्र परिवहन विभाग के एक पूर्व अधिकारी और उसके सहयोगियों के खिलाफ ताजा छापेमारी की। इस दौरान 50 लाख रुपए से अधिक की नकदी और चांदी के अलावा बैंक जमा राशि जब्त की गई। सौरभ शर्मा और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ मामले में 17 जनवरी को मध्य प्रदेश के भोपाल और ग्वालियर तथा महाराष्ट्र के पुणे में छापेमारी की गई थी। ईडी ने कहा कि छापेमारी के दौरान 30 लाख रुपये की बैंक जमा राशि जब्त कर ली गई।

# गैंगरेप में पांच को फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

*पिता के सामने बेटी से गैंगरेप, फिर पिता, बेटी व भतीजी की हत्या, 5 को फांसी, एक को उम्रकैद*

- लेमरू थाना के ग्राम गढ़उपरोड़ा में वर्ष 2021 में घटी थी घटना
- 208 पेज का दिया गया अपर सत्र न्यायालय का जजमेंट

4 वर्ष पूर्व जिले के वनांचल ग्राम में रूह कंपा देने वाले ट्रिपल मर्डर के मामले में न्यायालय ने 5 आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई है जबकि एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

न्यायालयीन सूत्रों के मुताबिक लेमरु थाना क्षेत्र के गढ़ उपरोड़ा में पहाड़ी कोरवा जनजाति के नाबालिग के साथ 29 जनवरी 2021 को यह घटना घटित हुई थी। ग्राम बरपानी निवासी 55 वर्षीय पहाड़ी कोरवा जुलाई 2020 से सतरेंगा निवासी संतराम मंझवार के यहां गाय चराने का काम करता था। पहाड़ी ⏭शेष पेज 4 पर



### तात्कालीन सीएसपी ने की थी विवेचना

कोरबा के तात्कालीन नगर पुलिस अधीक्षक योगेश साहू जो वर्तमान में रायपुर सीएसपी के पद पर पदस्थ हैं जिन्होंने इस तीहरे हत्याकांड की विवेचना की थी और उन्होंने आरोपियों को सजा दिलाने के लिए बारीकी से मामले की तहकीकात करते हुए न्यायालय में सारे साक्ष्यों को प्रस्तुत किया था। साथ ही उन्होंने मामले में गवाही व अन्य जानकारियां न्यायाधीश के सामने प्रस्तुत किया था। जिसकी वजह से न्यायालय ने इस तिहरे हत्याकांड ⏭शेष पेज 4 पर

## आतंकवादियों से मुठभेड़ में जवान शहीद



**श्रीनगर**। जम्मू कश्मीर के सोपोर इलाके में आतंकवादियों से रविवार देर रात हुई मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने बताया कि सिपाही पंगाला कार्तिक सोपोर पुलिस जिले के जालोरा गुज्जरपति में आतंकवादियों के एक ठिकाने पर हुई मुठभेड़ में घायल हो गए और मुठभेड़ स्थल से बाहर निकाले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई।

### दूसरे दिन भी अभियान

जम्मू कश्मीर के सोपोर इलाके के जंगलों में सोमवार को दूसरे दिन भी आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया गया और सुरक्षा बलों ने इलाके में घेराबंदी के साथ तलाशी जारी रखी। अधिकारी ने बताया कि सोपोर पुलिस जिले के जालुरा गुज्जरपेटी इलाके में सुरक्षा बलों ने कड़ी घेराबंदी की है।











# बड़ा हादसा: स्कूल बस ट्रक से टकराई, ड्राइवर शिक्षक की मौत, चार छात्र गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

*बस्तर भ्रमण करने गए स्कूली छात्रों की बस हुई भीषण हादसे का शिकार*

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के केवटटोला माध्यमिक शाला में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को लेकर शनिवार रात को निकली कांकेर रोडवेज की बस वापसी के दौरान कोंडागांव बस्तर में भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई है। इस हादसे में बस ड्राइवर, सहायक शिक्षक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई वहीं 30 छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों का दल घायल हुआ है। चार स्कूली छात्राओं को गंभीर स्थिति में रायपुर रेफर किया गया है। हादसे में बस ड्राइवर तथा प्राथमिक शाला ⏭शेष पेज 4 पर



### तय होगी कार्यवाही

बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के छात्र-छात्राओं को भ्रमण में ले जाने वाले शिक्षकों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई तय की जाएगी। - **तूलिका प्रजापति,** कलेक्टर मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी

### 42 सीटर बस में 65 हुए थे सवार

कोंडागांव प्रशासनिक अमले के अनुसार 42 सीटर बस में केवटटोला माध्यमिक शाला के 48 छात्र छात्राएं पांच शिक्षक शिक्षिकाएं, रसोइया, सफाई कर्मी, पालक, हाई स्कूल के छात्र-छात्राएं तथा बस कंडेक्टर का परिवार सवार था।

# 90 फलस्तीनी कैदी भी रिहा

## इजरायल ने मध्य रात्रि संघर्ष विराम समझौते के तहत छोड़ा

### रिहा किए गए सभी लोग महिलाएं या नाबालिग

*इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौते के पहले चरण में दोनों ओर से बंधक रिहा किए जा रहे हैं। इजराइल ने हमास के साथ हुए संघर्ष विराम समझौते के तहत सोमवार तड़के 90 फलस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया। बंदियों को सफेद रंग की बड़ी बसों में जैसे ही जेल से बाहर ले जाया गया लोगों ने खुशी में आतिशबाजी की। फलस्तीनियों की भीड़ बसों के इर्द-गिर्द उमड़ पड़ी और वहां मौजूद लोगों ने नारे लगाए।*

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

फलस्तीनी प्राधिकरण के कैदी मामलों के आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार रिहा किए गए सभी लोग महिलाएं या नाबालिग हैं। इजराइल ने इन सभी लोगों को देश की सुरक्षा को खतरे में डालने से जुड़े अपराधों में हिरासत में लिया था। इन लोगों पर पथराव करने से लेकर हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आरोप थे। वेस्ट बैंक पर इजराइल का कब्ज़ा है और सेना ने लोगों को सार्वजनिक तौर पर कोई भी उत्सव नहीं करने को कहा है। कैदियों की रिहाई मध्य रात्रि में की गई जिसकी फलस्तीनियों ने आलोचना की और कहा कि यह कैदियों का घर वापसी पर स्वागत करने से भीड़ को रोकने का प्रयास है।







### रिहा बंदियों में सबसे प्रमुख खालिदा

*रिहा किए गए बंदियों में सबसे प्रमुख हैं 62 वर्षीय खालिदा जरार जो फलस्तीन की मुक्ति के लिए काम करने वाले संगठन 'पीएफएलपी' की प्रमुख सदस्य हैं। इस संगठन पर 70 के दशक में इजराइली लोगों के अपहरण और अन्य हमलों में शामिल होने का आरोप है, लेकिन हाल के वर्षों में संगठन ने अपनी हिंसक गतिविधियों को कम किया है।*



### मानवीय सहायता

*सीजफायर की घोषणा के बाद 600 से अधिक ट्रक इजराइल की सख्त नाकेबंदी के बीच मानवीय सहायता लेकर गाजा पहुंचे। फलस्तीनी नागरिक युद्धग्रस्त इलाकों से अपने घरों की जांच करने और अपने रिश्तेदारों को दफनाने के लिए वापस लौट रहे हैं।*

## घर लौटीं इजरायल की बंधक तीनों महिलाएं

## 471 दिन बाद मां को सामने देख नम हुई आंखें



फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के कुछ घंटों पहले ही हमास ने तीन इजराइली बंधकों को रिहा किया था जो इजराइल पहुंच गए हैं। इन बंधकों के नाम रोमी गोनेन, एमिली दामारी और डोरोन स्टीनब्रेचर हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक तीनों बंधकों को रेड क्रॉस की मदद से इजराइल वापस लाया गया। बंधकों की वापसी पर इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि पूरा देश आपको गले लगा रहा है। रिहाई के बाद फिलिस्तीन और इजराइल दोनों जगहों पर लोगों ने खुशियां मनाईं। इजरायल डिफेंस फोर्स ने बताया कि ब्रिटिश-इजरायली एमिली डमारी दक्षिणी इजरायल में आईडीएफ कैंप में अपनी मां से मिलीं। वहीं रोमी गोनेन व डोरोन स्टीनब्रेचर



471 दिनों तक हमास की कैद में रहने के बाद अपनी मां से मिलीं। एमिली की मां की तरफ से जारी एक बयान में उन्होंने कहा, 'मैं उन सभी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं जिन्होंने इस भयावह घटना के दौरान एमिली के लिए लड़ाई जारी रखी और जिन्होंने उसका नाम लेना कभी बंद नहीं किया।'

# ट्रंप के शपथग्रहण में दिग्गजों का जमावड़ा

## मेलोनी, रामास्वामी से लेकर मस्क, पिचाई ने लगाए चार चांद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बन गए हैं। ट्रंप ने पिछले साल नवंबर में हुए चुनाव में जीत हासिल करने के बाद सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। इस शीर्ष पद यह उनका दूसरा कार्यकाल है, जिस दौरान वह अमेरिकी संस्थाओं को नया रूप देने वाले हैं। ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह भीषण ठंड के कारण बंद जगह में आयोजित किया गया।



अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए।



मार्क जुकरबर्ग, जेफ बेजोस, सुंदर पिचाई और एलन मस्क सहित अतिथि डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए।



बाएं से पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश, पूर्व प्रथम महिला लॉरा बुश और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा वाशिंगटन में यूएस कैपिटल के रोटुंडा में राष्ट्रपति पद के उद्घाटन समारोह में पहुंचे।



इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण समारोह में शिरकत की।



डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और उनकी बेटी काई ट्रंप रोटुंडा में राष्ट्रपति पद के उद्घाटन समारोह में पहुंचे।

# सैफ पर हमला: आरोपी ने कबूल किया जुर्म

## पुलिस से कहा- 'हां, मैंने ही किया है'

एजेंसी ▶▶| मुंबई



मुंबई में सैफ अली खान पर हुए हमले का आरोपी आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद बांग्लादेश का रहने वाला है। आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। शरीफल इस्लाम ने पुलिस के सामने कहा, 'हां, मैंने ही किया है।' आरोपी मुंबई के बांद्रा इलाके स्थित सैफ के घर में चोरी के इरादे से घुसा था। इस दौरान सैफ और उनके स्टाफ के साथ हाथापाई की। आरोपी ने सैफ पर चाकू से 6 वार किए थे। सैफ के स्टाफ को भी घायल कर दिया था। पुलिस ने 70 घंटे के सघन सर्च ऑपरेशन के बाद रविवार (20 जनवरी) को आरोपी को ठाणे से गिरफ्तार किया। हमला गुरुवार तड़के सैफ अली खान के घर "सतगुरु शरण" की 12वीं मंजिल पर हुआ था। आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम को सैफ ने रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। डॉक्टरों ने सैफ की रीढ़ की हड्डी से 2.5 इंच का टूटा चाकू निकाला।

### चौंकाने वाले खुलासे

शाहरुख खान के घर की भी की थी रेकीसैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद ने पुलिस हिरासत में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। आरोपी ने खुलासा किया कि उसने हमले से ठीक एक दिन पहले सैफ अली खान, शाहरुख खान और सलमान खान के घरों की रेकी की थी। उसने ऑटो रिक्शा चालक की मदद से इन घरों की पहचान की। यह पता लगाया कि किस एक्टर के बंगले की सुरक्षा व्यवस्था कैसी। यह उसकी योजना का अहम हिस्सा था। पुलिस का मानना है कि उसने पूरी साजिश पहले से ही तैयार कर रखी थी।







दशगात्र



स्व. श्रीमती शिव बाई कुंजाम

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी माता जी शिव बाई कुंजाम, निवास आम्रपाली सोसायटी का स्वर्गवास दिनांक 12.01.2025, रविवार को हो गया है। जिनकी आत्मा की शांति हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार है -

:: कार्यक्रम स्थल ::

दशगात्र : 21.01.2025, मंगलवार

स्थान : उद्योग भवन के सामने, पेट्रोल पंप के बाजू में सहानी पार्क इन, रिंग रोड नं. 1, रायपुर (छ. ग.)

नोट :- शांति भोज एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे से

शोकाकुल:- अंशुल, अक्षत, अंशिका, दिलीप, शेखर, रानी, अलका, अनुपा, रिक्की, चिंटू, आदिश्रेया, छोटी, बड़ी, तिलाग, पुष्पा, मणि

विनीत : टी. आर. कुंजाम- मनीषा कुंजाम (पुत्र-पुत्रवधू)
सेलवा राज-पूर्णिमा कुंजाम (पुत्र-पुत्रवधू)
मो. 99934-48007

Khanna

कृपया इसे ही शोक-पत्र समझें।


### प्रयागराज कुंभ का 26 फरवरी को होगा समापन

## महाकुंभ पहुंची एक्ट्रेस प्रियंका प्रयागराज से शेयर किया वीडियो

**प्रयागराज।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा आस्तिक हैं ।अमेरिका में रह कर भी सभी धर्मों का पालन करती हैं, त्योहारों को मनाती हैं। प्रियंका की भगवान में ऐसी आस्था है कि अब भारत आने के बाद उन्होंने महाकुंभ 2025 में शामिल होने के लिए वक्त निकाला है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में एक वीडियो शेयर किया है जो कुंभ मेले का बताया जा रहा है।



### अदाणी आज आएंगे इस्कान पंडाल में देंगे सेवा

जाने माने उद्योगति गौतम अदाणी मंगलवार को महाकुंभ में पुण्य के भागी बनेंगे। वह महाकुंभ 2025 के खास मौके पर प्रयागराज की यात्रा कर रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान वह इस्कॉन पंडाल में भंडारा सेवा करेंगे। इसके साथ-साथ त्रिवेणी में पूजा-अर्चना के बाद बड़े हनुमान जी के दर्शन करेंगे। उनके कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। अदाणी समूह इस वर्ष इस्कॉन और गीता प्रेस के साथ मिलकर महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में लगा हुआ है।



रायपुर
मंगलवार, 21 जनवरी 2025
माघ कृष्ण पक्ष सप्तमी
वर्ष: 23, अंक: 186
पृष्ठ: 12+4+4+8 = 28 मूल्य: 5.00**

मौसम
अधि. 30.8
न्यून. 13.1

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 कोल्डप्ले कॉन्सर्ट में गाना सुनकर...

विचार पेज
02 वित्तीय सुरक्षा बढ़ाएगी स्वामित्व...

# मेरा बस चले तो मैं लाड़ली बहनों को 10 हजार रुपए महीने दूं, रेडीमेड गारमेंट सेक्टर में हम 5 हजार इंसेंटिव दे ही रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव का लाड़ली बहना योजना पर कहना है कि हम लाखों करोड़ों का बजट बनाते हैं, उसमें 12 सौ रुपए अपनी बहनों के हाथ पर रख देते हैं तो उसमें बुराई क्या है। मेरा बस चले तों मैं 10 हजार रुपए महीने दूं। हमारी परंपरा को राजा विक्रमादित्य से समझिए उन्होंने सभी का कर्जा माफ किया और जितना कर्जा था, उतना ही लोगों को नगद दे दिया। रायसेन, भोपाल जैसी जगहों पर जहां रेडीमेड गारमेंटस बनाने वाली इंडस्ट्रीज में बहनें काम कर रही हैं, उन्हें 15 से 20 हजार रुपए महीना वेतन मिल रहा है। इसमें से 5 हजार इंसेंटिव मप्र सरकार दे रही है। राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियां देने के मुद्दे पर डॉ. यादव ने कहा कि ये तो पीएम मोदी का भरोसा है। उनका जो भी आदेश होता है हम एक सिपाही के तौर पर अमल करते हैं। वो काम के आधार पर मूल्यांकन करते हैं और जिम्मेदारी सौंपते हैं। डॉ. यादव से हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी विशेष कार्यक्रम 'सार्थक संवाद' में चर्चा कर रहे थे। उनसे पूरी बातचीत

*▸▸ आप बहुत तेज गति से कामयाबी की सीढ़ियां चढ़े हैं ये कैसे कर पा रहे हैं, खासतौर से तब जब केंद्र में मोदी और शाह जैसे धुरंधर नेता बैठे हों?*

*▸▸ ये तभी कर पा रहे हैं जब केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह मौजूद हैं। राजनीति की निर्मल धारा की पवित्रता के लिए नए खून नए लोगों की जरूरत है। ये पीएम मोदी और शाह के रहते ही संभव है। उनके नेतृत्व में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और हरियाणा जैसे कई राज्यों में नए लोगों को मौका दिया गया है। हम जैसे सामान्य कार्यकर्ताओं को इतना बड़ा मौका देना उन्ही के नेतृत्व में संभव है।*

हरिभूमि खास

**सीएम डॉ. मोहन यादव से 'हरिभूमि व आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'सार्थक संवाद'**




*▸▸ मुख्यमंत्री तो दूसरे राज्यों में भी बने, लेकिन स्टार कैंपेन हो या दूसरे आयोजन। सभी में राष्ट्रीय स्तर पर डॉ.यादव दिखाई देते हैं?*

*▸▸ ये तो पीएम मोदी का भरोसा है। उनका जो भी आदेश होता है हम एक सिपाही के तौर पर अमल करते हैं। वो काम के आधार पर मूल्यांकन करते हैं और जिम्मेदारी सौंपते हैं।*

*▸▸ आपको मिली भूमिका को एक साल पूरा हुआ है। आप किस तरह न्याय कर पाए हैं?*

*▸▸ बीते 44 सालों से लगातार विभिन्न पदों पर रहकर अपने दायित्वों को पूरा कर रहा हूं। सिर्फ मैं ही नहीं और भी लोग हैं जिन्होंने समर्पण के साथ काम किया है पार्टी उन्हे मौका देती है।* ▸▸ शेष पेज 4 पर

### ये भी बोले सीएम

- हम पर पीएम मोदी का भरोसा है। उनका जो भी आदेश होता है हम एक सिपाही के तौर पर अमल करते हैं।
- सबसे यही कहता हूं कि नेतृत्व पर भरोसा रखो और काम करते चलो। पार्टी कब कहां पहुंचा दे कोई नहीं जानता
- इस बार हम 4 लाख करोड़ का बजट करने जा रहे हैं। आने वाले समय से इसे 7 लाख करोड़ तक पहुंचाएंगे

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सवाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 12 साल बाद रणजी ट्रॉफी खेलेंगे कोहली



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली 2012 के बाद रणजी ट्रॉफी में अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने 30 जनवरी से यहां रेलवे के खिलाफ होने वाले दिल्ली के मुकाबले के लिए खुद को उपलब्ध रखा है। कोहली गर्दन में खिंचाव के कारण सौराष्ट्र के खिलाफ 23 जनवरी से शुरू होने वाले दिल्ली के आगामी मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे लेकिन उन्होंने दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ को सूचित कर दिया है।

### रहस्यमय मौतें, कश्मीर पहुंची केंद्रीय टीम



**राजौरी/जम्मू।** उच्च स्तरीय अंतर-मंत्रालयी टीम ने रहस्यमय परिस्थितियों में तीन परिवारों के 17 सदस्यों की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए सोमवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के बधाल गांव का दौरा किया। गृह मंत्रालय में निदेशक स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में केंद्रीय टीम रविवार शाम राजौरी जिला मुख्यालय पहुंची और वरिष्ठ जिला, स्वास्थ्य एवं पुलिस अधिकारियों से बात की।

### वैन और ट्रक में टक्कर दो की मौत, चार घायल



**जयपुर।** राजस्थान के नागौर जिले में सोमवार को सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई व चार घायल हो गए। नागौर-बीकानेर राजमार्ग पर यह हादसा एक पिकअप वैन और ट्रक के बीच टक्कर के कारण हुआ। पिकअप वैन नागौर से कुचेरां सब्जियां लेकर जा रही थी। वैन चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई और चार घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

### चिल्का झील में शुरू हुई डॉल्फिन की गणना



**बेरहामपुर।** ओडिशा की चिल्का झील में सोमवार से डॉल्फिन की गणना शुरू हुई। सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों, शोधार्थियों, छात्रों और विशेषज्ञों सहित 100 से अधिक लोगों ने झील में डॉल्फिन की गणना प्रक्रिया में भाग लिया। चिल्का वन्यजीव प्रभाग द्वारा चिल्का विकास प्राधिकरण के सहयोग से यह वार्षिक गणना की जा रही है। 18 समूह डॉल्फिन की गिनती कर रहे हैं। हर समूह में पांच से छह लोग शामिल हैं। झील में 2023 में दो प्रजातियों की 173 डॉल्फिन पाई गईं।

## अमेरिका की कमान ट्रंप के हाथों में, कहा- अभी से शुरू होता है देश का स्वर्ण युग

# राष्ट्रपति बनते ही ट्रंप का बड़ा फैसला, मेक्सिको बॉर्डर पर लगाई इमरजेंसी, ड्रग तस्कर होंगे आतंकी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'प्रिय मित्र' डोनाल्ड ट्रंप को दी बधाई**

*दुनिया के सुपरपावर देश अमेरिका में एक बार फिर ट्रंप शासन की शुरुआत हो गई है। कड़कड़ाती ठंड के कारण 40 वर्षों में पहली बार अमेरिकी राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण समारोह कैपिटल हिल के अंदर आयोजित हुआ। रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप ने 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति बनते ही ट्रंप ने मेक्सिको बॉर्डर पर नेशनल इमरजेंसी का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने ड्रग तस्करों को आतंकी बताया।*

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

डोनाल्ड जे. ट्रंप चार साल बाद दूसरी बार राष्ट्रपति पद पर उनकी उल्लेखनीय वापसी हो गई। ट्रप ने शपथ ग्रहण करने के बाद अपने संबोधन में कहा, अमेरिका का स्वर्णिम युग अभी से शुरू होता है। उन्होंने कहा, आज के बाद से हमारा देश फिर से समृद्ध होगा और पूरी दुनिया में इसका सम्मान किया जाएगा। हर देश हमसे ईर्ष्या करेगा और कोई हमारा फायदा उठाये, हम ऐसा नहीं होने देंगे। ट्रंप (78) ने कहा कि वह अमेरिका को 'सर्वोपरि' रखेंगे। उन्होंने कहा, न्याय के तराजू को फिर से संतुलित किया जाएगा। न्याय विभाग और सरकार का क्रूर, हिंसक और अनुचित हथियारीकरण समाप्त हो जाएगा। रिपब्लिकन पार्टी के नेता ट्रंप ▸▸ शेष पेज 4 पर



### खत्म करेंगे अमेरिका की चुनौतियां

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि देश की चुनौतियों को समाप्त कर दिया जाएगा। पिछली सरकार ने हमारे देश में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले खतरनाक अपराधियों को शरण और संरक्षण प्रदान किया है। अमेरिका जल्द ही पहले से कहीं अधिक महान, मजबूत और अधिक उत्कृष्ट होगा। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति पद पर आत्मविश्वास और आशावाद के साथ लौटे हैं।

### ट्रंप ने की ये बड़ी घोषणाएं

- अमेरिका की दक्षिणा सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की घोषणा
- अवैध प्रवासियों को रोकने के लिए तैनात होगी सेना
- रिमेन इन मेक्सिको पॉलिसी को लागू करने का ऐलान
- पकड़ो और छोड़ो प्रथा का अंत
- क्रिमिनल कार्टेल्स घोषित होंगे विदेशी आतंकी संगठन
- अमेरिका में विदेशी गिरोहों के खात्मे के लिए विदेशी शत्रु अधिनियम 1978 लागू किया
- नेशनल एनर्जी इमरजेंसी की घोषणा
- फ्री स्पीच के लिए अमेरिका में सेंसरशिप पर रोक
- अमेरिका में थर्ड जेंडर समाप्त, सिर्फ मेल और फीमेल जेंडर होंगे
- कोविड मेनडेट उल्लंघन के कारण निष्कासित कर्मचारियों की नौकरी बहाल होगी, मुआवजा भी मिलेगा

### अंबानी दंपति भी शामिल



ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में उद्योगपति मुकेश अंबानी और नीता अंबानी, गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई से लेकर एम3एम डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक पंकज बंसल भी वाशिंगटन पहुंचे। इसी के साथ साथ कई भारतीय हस्तियां भी शामिल हुई हैं।

### पीएम के 'विशेष दूत' बने जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। सूत्रों का दावा है कि जयशंकर अपने साथ पीएम मोदी का एक पत्र लेकर भी आए, जिसे उन्होंने ट्रंप को दिया। दरअसल जयशंकर ने ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी के विशेष दूत के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

## अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़

# साइबर 'प्रेमी' के हाथों गंवाए 13.54 लाख



एजेंसी ▸▸ मुंबई

ठाणे पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के एक मामले की जांच करते हुए उत्तर प्रदेश में अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया। लखनऊ-बाराबंकी राजमार्ग पर कार का पीछा करने के बाद मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जोन-प्रथम के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुभाष बरसे ने बताया कि ठाणे जिले के मुंब्रा निवासी एक महिला ने पिछले साल अक्टूबर में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि एक व्यक्ति ने शादी से संबंधित वेबसाइट के जरिए 13.54 लाख रुपए ठग लिए।

### ऐसे हुआ भंडाफोड़

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 12 वर्षीय चाय के एक विक्रेता से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने अवैध कॉल सेंटर का पता लगाया। उन्होंने कहा, जब संदिग्ध को पुलिस की मौजूदगी का आभास हुआ, तो उसने अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) में भागने का प्रयास किया, जिसके बाद लखनऊ-बाराबंकी राजमार्ग पर पुलिस ने उसका तेज गति से पीछा किया।

### फ्री स्मार्टफोन का ऑफर, ठग लिए 2.8 करोड़

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में साइबर ठगी का नया मामला सामने आया है। एक 60 साल के आदमी को मुफ्त स्मार्टफोन और सिम कार्ड देकर 2.8 करोड़ रुपए ठग लिए गए। ठगों ने व्हाट्सएप पर संपर्क किया और क्रेडिट कार्ड के फायदे के लिए नया फोन और सिम इस्तेमाल करने को कहा। जैसे ही आदमी ने नया फोन इस्तेमाल किया। उसके खाते से पैसे गायब हो गए। यह घटना नवंबर 2024 में शुरू हुई और दिसंबर में पूरी हो गई।

## घंटों चली मुठभेड़

# कुल्हाड़ीघाट जंगल में मुठभेड़, दो नक्सली ढेर कोबरा जवान घायल



घायल जवान को मैनपुर से किया गया एयरलिफ्ट, रायपुर इलाज के लिए ले जाया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा के पास मैनपुर क्षेत्र के कुल्हाड़ीघाट रिजर्व फॉरेस्ट में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच सोमवार को मुठभेड़ में नक्सलियों को एक बड़ा झटका लगा है। मुठभेड़ में दो नक्सलियों को ढेर कर दिया गया है। तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों ने 2 माओवादियों के शव के साथ एक एसएलआर सहित भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ में एक कोबरा बटालियन का जवान घायल हुआ है, जिसे हेलीकॉप्टर के जरिए एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए मैनपुर से रायपुर ले जाया गया है।

जानकारी के अनुसार काफी अरसे से मिली सूचनाओं के आधार पर आज सुबह 8.30 बजे से सुरक्षा बलों ने गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ ▸▸ शेष पेज 4 पर

खास खबर

### सर्चिंग में मिली महत्वपूर्ण जानकारी

सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन के दौरान 2 नक्सलियों को ढेर कर शव बरामद किया। एक एसएलआर भी मिली। इसके अलावा, तलाशी अभियान अभी भी जारी है, जिसमें अन्य हथियार और नक्सलियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बड़ी संख्या में नक्सली कुल्हाड़ीघाट पहाड़ी क्षेत्र के भालुडिग्गी इलाके में होने की जानकारी के बाद पुलिस बल द्वारा सुबह से ही सर्चिंग में निकले थे। पुलिस के जवानो को देखकर नक्सलियों द्वारा फायरिंग किया गया जिसके जोरदार तरीके से जवाब देते हुए पुलिस बल ने दो माओवादियों को मौके पर ढेर कर दिया।

### और बड़ी सफलता की उम्मीद

पुलिस- नक्सली मुठभेड़ में दो माओवादियों को मार गिराया गया है। कोबरा बटालियन के घायल जवान को एयर लिफ्ट कराकर रायपुर भेजा गया है, जिसकी हालत ठीक है। एक एसएलआर सहित अन्य हथियार मिले हैं। क्षेत्र में अभी सर्चिंग हो रही है। और बड़ी सफलता की उम्मीद है। **-निखिल राखेचा,** एसपी, गरियाबंद

## अतुल की मां को झटका

# निकिता के पास ही रहेगा एआई इंजीनियर का बेटा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पत्नी के कथित उत्पीड़न के कारण अपनी जान देने वाले बेंगलुरु के एआई इंजीनियर अतुल सुभाष की मां को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने अतुल सुभाष की मां की मांग ठुकरा दी और कहा कि उनका 4 वर्षीय बेटा अपनी मां निकिता सिंघानिया के पास ही रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने अतुल सुभाष की मां को बच्चे की कस्टडी की मांग के लिए निचली अदालत जाने की छूट दी है। इससे पहले अतुल सुभाष की पत्नी को कोर्ट ने निर्देश दिया था कि वह नाबालिग बेटे को आंधे घंटे के अंदर कोर्ट में पेश करें।

### 9 दिसंबर को किया था सुसाइड

34 वर्षीय अतुल सुभाष का शव पिछले साल 9 दिसंबर को बेंगलुरु के मुन्नेकोलालु में अपने घर में फंदे से लटका मिला था। अतुल ने अपनी पत्नी और ससुराल वालों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का दोषी ठहराया था।

## ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या

# दोषी संजय को उम्रकैद, परिवार को 17 लाख रुपए का मुआवजा

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता स्थित सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पिछले साल अगस्त में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार के बाद उसकी हत्या के मामले में शनिवार को दोषी करार दिए गए संजय रॉय को सियालदह की अदालत ने सोमवार को आजीवन कारवास की सजा सुनाई। सियालदह की अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने शनिवार को रॉय को पिछले वर्ष नौ अगस्त को अस्पताल में ▸▸ शेष पेज 4 पर

- पिछले साल 9 अगस्त को मिला था शव



### ममता ने कहा- फैसले से संतुष्ट नहीं



प. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि वह फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने सोमवार को दावा किया कि जांच का जिम्मा कोलकाता पुलिस से 'जबरन' ले लिया गया। उन्होंने कहा कि यदि जांच का जिम्मा कोलकाता पुलिस के पास ही रहा होता, तो उसने निश्चित रूप से मौत की सजा सुनिश्चित की होती।

### चिकित्सक जाएंगे हाईकोर्ट

अदालत के फैसले से असंतुष्ट पश्चिम बंगाल के चिकित्सकों ने कहा कि वे उच्च न्यायालय का रुख करेंगे। मामले में शामिल अन्य व्यक्तियों को दंडित किए जाने तक विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। वरिष्ठ और कनिष्ठ दोनों चिकित्सकों ने नौ अगस्त को अपराध घटित होने के बाद से कई बार विरोध प्रदर्शन किया है। उन्होंने सवाल उठाया कि इस मामले को 'दुर्लभ से दुर्लभतम' श्रेणी में क्यों नहीं वर्णित किया गया।

## बस्तर के युवक की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

# गांव में पिता का शव दफनाने में असमर्थ बेटे को देखकर हुआ दुख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि उसे यह देखकर दुख हुआ कि छत्तीसगढ़ के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति को पिता के शव को ईसाई रीति-रिवाजों के अनुसार दफनाने के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा, क्योंकि अधिकारी इस मुद्दे को सुलझाने में विफल रहे। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ रमेश बघेल नामक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने उसके पादरी पिता के शव को गांव के कब्रिस्तान में ईसाइयों को दफनाने के लिए निर्दिष्ट ▸▸ शेष पेज 4 पर



### परिवार वाले गांव में ही दफन

याचिकाकर्ता बघेल का पक्ष रखने के लिए अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंजाल्विस ने कहा कि राज्य द्वारा प्रस्तुत हलफनामे से स्पष्ट होता है कि याचिकाकर्ता के परिवार के अन्य सदस्यों को गांव में ही दफनाया गया है। गोंजाल्विस ने हलफनामे का हवाला देते हुए कहा कि मृतक को दफनाने की अनुमति नहीं दी जा रही है, क्योंकि वह ईसाई था।

### सरपंच ने दिया था हाईकोर्ट को प्रमाण पत्र

सरपंच ने प्रमाण पत्र जारी किया था कि गांव में ईसाइयों के लिए अलग से कोई कब्रिस्तान नहीं है। इस आधार पर हाईकोर्ट ने मृतक के बेटे को पिता का शव उक्त गांव के कब्रिस्तान में दफनाने की अनुमति देने से इंकार कर दिया था और कहा कि इससे आम जनता में अशांति और असामंजस्य पैदा हो सकता है। पादरी की वृद्धावस्था की वजह से मौत हुई थी। बघेल ने दावा किया है कि छिंदवाड़ा गांव में एक कब्रिस्तान है जिसे ग्राम पंचायत ने शवों को दफनाने और अंतिम संस्कार के लिए मौखिक रूप से आवंटित किया है।

### गांव में नहीं ईसाइयों का कब्रिस्तान

सुनवाई की शुरुआत में राज्य सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को सूचित किया कि उक्त गांव में ईसाइयों के लिए कोई कब्रिस्तान नहीं है और उस व्यक्ति को गांव से 20 किलोमीटर दूर दफनाया जा सकता है। मेहता ने कहा कि मृतक का बेटा आदिवासी हिंदुओं और आदिवासी ईसाइयों के बीच अशांति पैदा करने के लिए शव पैतृक गांव के कब्रिस्तान में दफनाने पर अड़ा हुआ है। गोंजाल्विस ने इस दलील का विरोध किया।

## चिंतन

# ट्रंपकाल में अमेरिका पर रहेंगी दुनिया की निगाहें

अमेरिका में राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप की जोरदार ताजपोशी वैश्विक स्तर पर ट्रंपवाद की भी फिर से शुरूआत है। अमेरिका फर्स्ट, संरक्षणवाद से प्रेरित ट्रंपवाद से अमेरिका की वैश्विक प्रतिष्ठा कितनी बढ़ेगी, यह वक्त के साथ ही पता चलेगा, लेकिन ट्रंपवाद अमेरिका और शेष विश्व के लिए बहुत उम्मीद नहीं जगाता है। महाशक्ति के रूप में वैश्विक संसथाओं के संरक्षण और वैश्विक मसलों के हल को लेकर अमेरिका की अपनी एक साख रही है, ट्रंपवाद इसमें बाधा है। ट्रंप के पहले कार्यकाल में इस साख पर आंच आई, अब दूसरे कार्यकाल में अनुभवी ट्रंप अमेरिका के महाशक्तित्व को कैसे पुनर्स्थापित करते हैं, यह भी समय के साथ ही पता चलेगा। अभी विश्व में सबसे अधिक चर्चा ट्रंप के शपथग्रहण की है। अमेरिका ने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग को ट्रंप के शपथग्रहण कार्यक्रम में आमंत्रित किया। माना जा रहा था कि नरेन्द्र मोदी और ट्रंप की अच्छी दोस्ती है तो अमेरिका पीएम मोदी को विशेष आमंत्रण देगा। पर अमेरिका ने कूटनीतिक दांवपेच और चीन से अपने संबंध सुधारने के एजेंडे के तहत चीन को तरजीह दी। चीनी राष्ट्रपति ने अमेरिकी निमंत्रण को गंभीरता से नहीं लिया और खुद न जाकर अपने दूत को ट्रंप के शपथग्रहण में भेज दिया। चीनी राष्ट्रपति के नहीं आने से न ट्रंप को अच्छा लगा होगा और न ही अमेरिका को। कूटनीति के जानकार मान रहे थे कि चूंकि ट्रंप के पहले कार्यकाल में अमेरिका व चीन के बीच ट्रेडवार अपने चरम पर था, इसलिए इस कार्यकाल में ट्रंप चीन से अमेरिका के संबंध को सामान्य करने की दिशा में शपथग्रहण कूटनीति से आगे बढ़ रहे हैं। भारत के साथ अमेरिका के संबंध अच्छे हैं, इसलिए उसे कोई चिंता नहीं है। भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर पीएम मोदी का शुभकामना संदेश लेकर ट्रंप के शपथग्रहण समारोह में पहुंचे। अमेरिकी चुनाव में जबरदस्त जीत मिलने के बाद 47वें राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेने के कुछ हफ्तों के बाद दुनिया को यह पता चल जाएगा कि उनका दूसरा कार्यकाल विश्व के लिए कैसा रहने वाला है? ट्रंप ने कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने और ग्रीनलैंड व पनामा नहर पर नियंत्रण हासिल करने की बात कही है। उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी का नाम अमेरिका की खाड़ी करने की भी बात कही है। उन्होंने रूस व यूक्रेन युद्ध व इजराइल व हमास जंग भी खत्म करने की बात दोहराई है। पश्चिम एशिया हिंसक संघर्ष के दौर से गुजर रहा है। ट्रंप ने ये सब बातें आज 20 जनवरी को अपने शपथ ग्रहण से पहले कही हैं, जिससे ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की झलक देखने को मिली है। ट्रंपकाल में एलन मस्क जैसे अरबपति उद्यमियों की सरकार में अहमियत बढ़ने की संभावना दिखाई दे रही है। अवैध प्रवासी को लेकर भी अमेरिका का रुख सख्त रहेगा। ट्रंप ने अपनी टॉप टीम में क्रिस्टी नोएम, टॉम होमन, मार्क रूबियो, माइकल वाल्त्ज, एलन मस्क, विवेक रामास्वामी, रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर, तुलसी गबार्ड, हावर्ड लुटनिक, स्कॉट बेसेंट जैसे अनुभवी व विशेषज्ञ लोगों को शामिल किया है। ट्रंप अमेरिकी इतिहास में पहले ऐसे पूर्व यूएसए राष्ट्रपति हैं जिन्हें अपराधी घोषित किया गया। ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका में रिपब्लिकन सरकार के सामने आंतरिक सुरक्षा से लेकर अर्थव्यवस्था को गति देने और विश्व में अपनी साख स्थापित करने की बड़ी चुनौती होगी। राष्ट्रपति के तौर पर ट्रंप का चार साल का कार्यकाल न केवल यह निर्धारित करेगा कि अमेरिका अपने घरेलू मुद्दों से कैसे निपटता है, बल्कि दुनिया में उसकी हैसियत को भी निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

# वित्तीय सुरक्षा बढ़ाएगी स्वामित्व योजना



**विश्लेषण**
विकेश कुमार बडोला

> स्वामित्व योजना एक क्रांतिकारी योजना है। यह कृषि क्षेत्र का समयानुकूल सशक्तिकरण करने का वृहद आधार बनेगी। गांवों, छोटे-छोटे नगरों एवं कस्बों में स्थानीय कृषकों और श्रमिकों के जो भी कृषि भूखण्ड व आवासीय भूमि है उसका अब तक समुचित मापन नहीं था। पीढ़ियों से लोगों के पास होने के बाद भी इनका अभिलेखीकरण नहीं किया गया था। स्वामित्व-अभिलेख की अखिल भारतीय प्रामाणिकता होने के उपरान्त ग्रामीण-जगत की संपूर्ण जीवन व्यवस्था में एक बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आएगा। लोग अपनी भूमि और घरों के वास्तविक, प्रामाणिक व प्रलेखमूलक स्वामी / स्वामिनी होंगे। यह गांवों में वित्तीय सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम है।

वर्ष 2020 के उत्तरार्द्ध में प्रारंभ हुई भू-स्वामित्व व भू-अधिकार योजना के सुनियोजित क्रियान्वयन के क्रम में 18 जनवरी 2025 को प्रधानमंत्री ने लगभग 65 लाख की संख्या में स्वामित्व संपत्ति कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने इस क्रांतिकारी योजना के तात्कालिक एवं दूरगामी लाभों के बारे में बताया। प्रधानमंत्री के अनुसार, ग्रामीण व छोट-छोटे नगरों में संपत्ति के स्वामित्व का अधिकार मिलने के बाद लाखों लोगों ने इस आधार पर बैंकों व अ-बैंकिंग संस्थानों से अपनी जरूरत का ऋण प्राप्त किया है। लोगों ने ऋण का उपयोग अपना व्यापार-उद्योग आरंभ करने में किया। इन लोगों में अधिसंख्य कृषक हैं, जिनके लिए स्वामित्व संपत्ति कार्ड वित्तीय सुरक्षा का शासकीय आश्वासन है। भविष्य में भूमि स्वामित्व व भूमि अधिकार कार्ड के आधार पर सौ लाख करोड़ की आर्थिक गतिविधियों का मार्ग प्रशस्त होगा। मूलतः ये कार्ड गांवों के विकास की नींव बनेंगे। कार्डधारकों को ऋण और शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा। अभी संपत्ति कार्डों का वितरण छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दो केंद्रशासित प्रदशों जम्मू कश्मीर व लद्दाख के पचास हजार से अधिक गांवों के लाभार्थियों को किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत लगभग 65 लाख कार्ड वितरित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 2.24 करोड़ व्यक्तियों के पास संपत्ति स्वामित्व कार्ड होंगे। दुनियाभर में देशों के महानगरों व नगरनिगम शासित क्षेत्रों के अतिरिक्त सुदूरवर्ती ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों में लोगों को स्वामित्व व भूमि अधिकार मिलना आरंभ से ही एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। इस संदर्भ में कई वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र ने एक अध्ययन किया था, जिसमें यही निष्कर्ष निकला कि अनेक देशों में लोगों के पास उनकी संपत्ति के स्वामित्व के लिए कानूनी प्रलेख नहीं हैं।

स्वामित्व योजना एक क्रांतिकारी योजना है। यह कृषि क्षेत्र का समयानुकूल सशक्तिकरण करने का वृहद आधार बनेगी। गांवों, छोटे-छोटे नगरों एवं कस्बों में स्थानीय कृषकों और श्रमिकों के जो भी कृषि भूखण्ड व आवासीय भूमि है उसका अब तक समुचित मापन नहीं था। पीढ़ियों से लोगों के पास होने के बाद भी इनका अभिलेखीकरण नहीं किया गया था। जब भी जिस कृषक, श्रमिक और गांव के गरीब व्यक्ति को अपनी भूमि की नाप-जोख कर उसके अभिलेख बनवाने की आवश्यकता होती, तो वह गांव के प्रधान या प्रभावशाली व्यक्ति की सहायता लेकर उसको निश्चित मुद्रा का भुगतान करके अपना भूमि से संबंधित कार्य करवाता था। इस प्रक्रिया को पंचायत से लेकर तहसील स्तर तक इतना जटिल और मकड़जालीनुमा बना दिया गया था कि अधिसंख्य ग्रामीण अपनी भूमि का पंजीकरण-अभिलेखीकरण करवाने के लिए हमेशा हतोत्साहित रहे। करोड़ों की जनसंख्या में से यदि हजारों-लाखों ग्रामीण गरीब लोग भी अपनी-अपनी भूमि का पंजीकरण-अभिलेखीकरण स्थानीय अवैध प्रक्रिया के अन्तर्गत करवाते थे तो इससे ही दलाली के रूप में बड़ी मुद्रा का लेन-देन होता आया था। यह दुर्व्यवस्था अब भी चल रही है और इसीलिए भूमि का मापन कर उसके स्वामित्व



अभिलेख लोगों को देने का एक अति सहज-सरल शासकीय कार्य अत्यंत जटिल बना हुआ है।

घरों और खेतों का अभासी व मौखिक स्वामित्व ग्रामीणों के लिए अनेक प्रकार से अनुपयोगी और आधुनिक जगत में विकास की धारा से वंचित रहने का कारण था। ग्रामीण एवं अर्द्धनगरीय क्षेत्रों में लोगों के पास भू स्वामित्व के कानूनी प्रमाण व प्रलेख न होने के कारण, लाखों एकड़ की भूमि का पूंजीगत उपयोग नहीं हो पा रहा था। लेकिन अब स्वामित्व योजना के अन्तर्गत प्रौद्योगिकी की सहायता से भूमि का मापन होने, ड्रोन कैमरे से गांव की संपूर्ण भूमि का मानचित्र बनाने के साथ-साथ एक ग्रामीण की समग्र भूमि का मानचित्र बनाकर उसका स्वामित्व-अभिलेख बनने और इस स्वामित्व-अभिलेख की अखिल भारतीय प्रामाणिकता होने के उपरान्त ग्रामीण-जगत की संपूर्ण जीवन व्यवस्था में एक बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आएगा। लोग अपनी भूमि और घरों के वास्तविक, प्रामाणिक व प्रलेखमूलक स्वामी / स्वामिनी होंगे। स्वामित्व योजना के अन्तर्गत उनके स्वामित्वधारण की स्वीकार्यता अखिल भारतीय ही नहीं अपितु अखिल वैश्विक होगी। कृषक, श्रमिक, ग्रामीण और छोट-छोटे काम-धंधे करनेवाले करोड़ों लोग अब अपनी भूमि के प्रामाणिक शासकीय प्रलेखों के आधार पर बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों से सुगमतापूर्वक ऋण प्राप्त कर सकते हैं। सत्यप्रमाणित स्वामित्व-प्रलेखों के होने पर अब बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाएं लोगों को ऋण लेने से वंचित नहीं रख सकतीं।

स्वामित्व-प्रलेख लोगों के लिए प्रसन्नता का कारण बनेंगे। अभी तक अधिसंख्य ग्रामीण भूमि पर लोगों का आभासी और मौखिक स्वामित्व ही है। इस कारणवश दुर्जन लोग दूसरे की भूमि हथियाने या दूसरे की भूमि के कुछ हिस्से का अपने स्वामित्व में होने का दावा करते हैं, जबकि इसका कोई भी प्रलेखीय साक्ष्य उनके पास उपलब्ध नहीं होता। स्वामित्व योजना के पूर्णरूपेण लागू हो जाने के बाद इस प्रकार की अवैध दावेदारी बंद हो जाएगी। जब सभी लोगों को उनकी भूमि से संबंधित स्वामित्व अभिलेख प्राप्त हो जाएंगे तो ग्रामीण स्तर पर भूमि को लेकर उभरनेवाले विवाद, संघर्ष और झगड़े-झंझट सब रुक जाएंगे। ग्रामीण व्यक्ति जब पूरी तरह आश्वस्त हो जाएगा कि उसकी भूमि विधिक और प्रामाणिक रूप में उसी की है तथा उसके पास इसका प्रलेखीय साक्ष्य उपलब्ध है, तो वह भूमि के स्वामित्व के आधार पर अपनी संभावित कृषि एवं व्यापार योजनाओं को साकार करने के लिए एकनिष्ठ हो सकेगा।

जिस प्रकार चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल जैसे देश हमारे देश की सीमाओं पर अतिक्रमण करने की मानसिकता से ग्रस्त हैं और आए दिन सीमाक्षेत्र की भूमि को लेकर उनके द्वारा कोई न कोई अंतर्राष्ट्रीय विवाद उत्पन्न किया ही जा रहा है, तो इस स्थिति में सीमा-क्षेत्रों की भूमि पर स्थानीय लोगों के लिए स्वामित्व अभिलेख बनाया जाना अति आवश्यक है। यदि लोगों के अधिकार वाली सीमा-क्षेत्र की भूमि का नागरिक स्वामित्व बना रहेगा, तो अन्य देशों के साथ सीमा-क्षेत्रों के विवाद की स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरणों में हमारा देश समुचित साक्ष्यों के साथ तैयार होगा, जो हमारे लिए हर दृष्टि से लाभकारी होगा। जैसे-जैसे देश में लोगों को उनकी भूमि का स्वामित्व शासकीय प्रमाणों व प्रलेखों के माध्यम से मिलता जाएगा, वैसे-वैसे देश में अर्थव्यवस्था एक नए दिशाबोध के साथ प्रगतिवान होगी। यह कुछ वर्षों में न केवल सकल घरेलू उत्पाद में महत्त्वपूर्ण योगदान देगी, अपितु प्रति व्यक्ति आय में भी अत्यधिक वृद्धि करेगी। इस योजना को अखिल भारतीय भूमि सुधार की वृहद नीति से भी जोड़ा जाना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
**दर्शन**

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

## भरे गिलास से मंदिर की परिक्रमा



संकलित
**प्रेरणा**

एक महिला रोज मंदिर जाती थी एक दिन उस महिला ने पुजारी से कहा अब मैं मंदिर नही आया करूँगी इस पर पुजारी ने पूछा क्यो? तब महिला बोलीः मैं देखती हूं लोग मंदिर परिसर में अपने फोन से अपने व्यापार की बात करते हैं कुछ ने तो मंदिर को ही गपसप करने का स्थान चुन रखा है, कुछ पूजा कम पाखंड ज्यादा करते हैं। इस पर पुजारी कुछ देर तक चुप रहे फिर कहाः सही है! परंतु अपना अंतिम निर्णय लेने से पहले आप मेरे कहने से कुछ कर सकती है। महिला बोलीः आप बताइए क्या करना है। पुजारी ने कहाः एक गिलास पानी से भरकर लीजिए औऱ 2 बार मंदिर परिसर के अंदर परिक्रमा लगाइए शर्त ये है कि गिलास का पानी गिरना नही चाहिए। महिला बोलीः में ऐसा कर सकती हूँ फिर थोड़ी ही देर में उस महिला ने ऐसा कर दिखाया। उसके बाद मंदिर के पुजारी ने महिला से 3 सवाल पूछेः 1) क्या आपने किसी को फोन पर बात करते देखा? 2) क्या आपने किसी को मंदिर मे गपसप करते देखा? 3) क्या किसी को पाखंड करते देखा? महिला बोलीः नही मैंने कुछ भी नही देखा। फिर पुजारी बोलेः जब आप परिक्रमा लगा रही थी तो आपका पूरा ध्यान गिलास पर था कि इस में से पानी न गिर जाए इसलिए आपको कुछ दिखाई नही दिया। अब जब भी आप मंदिर आए तो सिर्फ अपना ध्यान परम पिता परमात्मा में ही लगाना फिर आपको कुछ दिखाई ही नही देगा। सिर्फ भगवान ही सर्ववृत दिखाई देगा, जब ऐसा होगा तो स्वयं ही कल्पना कर लीजिएगा।

## महाकुंभ



आर. के. सिन्हा

# क्यों करोड़ों श्रद्धालु जुड़ते हैं

प्रयागराज में संगम पर महाकुंभ अपनी रौ में है। पौष पूर्णिमा पर पहला स्नान विगत 13 जनवरी को हुआ। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आ रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंच रहे हैं। क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह आत्म-अनुशासन और त्याग के महत्व को दर्शाता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो लाखों लोगों को एक साथ आने और अपनी आस्था को मजबूत करने का अवसर देता है। कुंभ मेले का आयोजन उन स्थानों पर होता है जहां पवित्र नदियों का संगम होता है, जैसे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में। अब बात प्रयागराज और कुंभ के संबंधों की भी। प्रयाग (बहु-यज्ञ स्थल) को कहा जाता है। प्राचीन काल से ही 'तीर्थराज' के रूप में प्रसिद्ध हुआ यह संगम स्थल पर हुए अनेक यज्ञों की वजह से, जिनमें पहला यज्ञ किया सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के तत्काल बाद। यज्ञवेदी है गंगा, यमुना और गुप्त रूप से बहने वाली सरस्वती की धारा, जो इस क्षेत्र को तीन भागों में विभाजित करती है। 'पद्म पुराण' में इसकी तुलना साक्षात सूर्य से करते हुए कहा गया है कि जहां सरस्वती, यमुना और गंगा का संगम होता है, वहां स्नान करने वाले ब्रह्मपद को प्राप्त करते हैं। यह यज्ञ की महिमा ही है, जिसके कारण मान लिया गया है, कि जो प्रयाग की धरती पर पैर भी धर लेता है, उसे हर कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। प्रयाग में लगभग 70 हजार तीर्थ उपस्थित हैं। पद्म पुराण के अनुसार अपने घर में मृत्युशय्या पर पड़ा व्यक्ति भी, यदि दूर भी रहते प्रयाग का नाम स्मरण कर ले तो ब्रह्मलोक का भागी होता है। 'मत्स्य पुराण' में कहा गया है कि युग चक्र पूर्ण होने पर जब रुद्र (शिव) पृथ्वी का विनाश करते हैं, प्रयाग तब भी नष्ट नहीं होता है, क्योंकि विष्णु वेणीमाधव, शिव अक्षय वटवृक्ष के रूप में और स्वयं ब्रह्मा छत्र में उपस्थित रहते हैं। शूलपाणि स्वयं वट की रक्षा करते हैं और यहां मृत्यु प्राप्त करने वाले को सीधे शिवलोक की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संगम की मिट्टी का भी अपने शरीर पर स्पर्श करा लेता है, तो समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और गंगा स्नान के बाद स्वर्ग के पुण्य का भागीदार बन जाता है। यहां यदि किसी को मृत्यु प्राप्त होती है, तो वह जन्म और मृत्यु के सांसारिक चक्र के बंधनों से मुक्त हो जाता है। कुंभ मेला लाखों- करोड़ों लोगों को एक साथ आने का अवसर देता है। यहाँ विभिन्न साधु-संत, नागा साधु और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा मिलती है। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का एक अद्भुत उदाहरण है। यहां विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से लोग आते हैं, जिससे विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का संगम होता है। मेले में लोक नृत्य, संगीत, कला और शिल्प का प्रदर्शन किया जाता है, जो इसे एक रंगीन उत्सव बनाता है। अगर धर्म-कर्म स हटकर बात करें तो कुंभ मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यहाँ सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग एक साथ आते हैं और मिलकर प्रार्थना करते हैं। यह एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। कुंभ मेले के पहले दिन बड़ी संख्या में सिखों ने भी स्नान किया। इसमें आने वाले लोग कई तरह के त्याग और अनुशासन का पालन करते हैं। वे साधारण जीवन जीते हैं, जमीन पर सोते हैं और सात्विक भोजन करते हैं। यह उन्हें अपने अंदर की शांति और संयम को बढ़ाने में मदद करता है। अगर आप आएंगे तो कुंभ मेला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो लाखों लोगों को आध्यात्मिक शांति और आनंद प्रदान करता है। यह एक ऐसा पर्व है जो हिन्दू संस्कृति की विविधता और गहराई को दर्शाता है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, जब बृहस्पति कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य मेष राशि में होते हैं, तब पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। यह खगोलीय संयोग इस मेले को और भी खास बना देता है। यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक और शांतिपूर्ण जमावड़ा होगा, जिसमें विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के लोग एक साथ आते हैं। कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन भी नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक अनुभव भी है। यह मेला आत्म-खोज का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। देश के विभिन्न हिस्सों से लोग इसलिए भी आते हैं।

(लेखक पूर्व सांसद व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कुंभ



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान सोमवार को लोग एक नागा साधु से बातचीत करते हुए।

## आज की पाती

### शादियों में दिखावा, गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए। *– महेश यादव, धमतरी*

## करंट अफेयर

# भारतीय समुदाय से जुड़े संगठन की ट्रंप को बधाई



वैश्विक भारतीय समुदाय की गैर-लाभकारी संस्था 'इंडियास्पोरा' ने सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने से पहले डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी और उम्मीद जताई कि नए प्रशासन के तहत अमेरिका-भारत संबंध और प्रगाढ़ होंगे। 'इंडियास्पोरा' के संस्थापक-अध्यक्ष एमआर रंगास्वामी ने कहा, 'इंडियास्पोरा और भारतीय-अमेरिकी समुदाय की ओर से मैं अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बधाई देना चाहता हूं। मैं उम्मीद करता हूं कि अमेरिका में नए राजनीतिक माहौल में अमेरिका-भारत संबंध और प्रगाढ़ होंगे।' रंगास्वामी ने कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान दोनों पक्षों के शीर्ष सरकारी अधिकारियों ने मजबूत संबंध स्थापित किए और इस अहम द्विपक्षीय संबंध को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिका में मजबूत द्विदलीय समर्थन है।' अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रंप ने नागरिक अधिकार, राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में कई भारतीय-अमेरिकियों को नियुक्त किया है। इनमें हरमीत कौर ढिल्लों, विवेक रामास्वामी, कश पटेल, जय भट्टाचार्य और श्रीराम कृष्णन प्रमुख हैं। कार्यकारी निदेशक संजीव ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में इंडियास्पोरा का ध्यान दो प्रमुख क्षेत्रों में रहा है-प्रवासी भारतीयों की नागरिक और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाना तथा अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करना।'

## ऑफ बीट

# गर्मी से थकान और लू लगने में क्या अंतर है?



गर्मी से संबंधित बीमारियां हल्की से लेकर गंभीर तक हो सकती हैं। वे अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने से होती हैं, चाहे वह गर्म परिस्थितियों, शारीरिक परिश्रम या दोनों से हो। सबसे आम बीमारियों में शामिल हैंः गर्मी से शोथः हाथ, पैर और टखनों में सूजन। मांसपेशियों में दर्दनाक अनैच्छिक ऐंठन जो आमतौर पर व्यायाम के बाद होती है।अधिक गर्मी के कारण बेहोशी तक आ जाती है। यह तब होता है जब शरीर अत्यधिक पसीने के कारण पानी खो देता है, जिससे शरीर का तापमान बढ़ जाता है (लेकिन फिर भी 40 डिग्री सेल्सियस से कम)। इसके लक्षणों में सुस्ती, कमजोरी और चक्कर आना शामिल है, लेकिन चेतना या मानसिक स्पष्टता में कोई अंतर नहीं आता। लू लगना (तापघात): जब शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो तो यह एक चिकित्सकीय आपातस्थिति होती है। इससे तंत्रिका तंत्र से संबंधित गंभीर समस्याएं हो सकती हैं, जैसे भ्रम, दौरे और बेहोशी, जिसमें कोमा भी शामिल है, फलस्वरूप मृत्यु हो सकती है। लू लगने और गर्मी से थकान के कुछ लक्षण एक जैसे होते हैं। इससे चिकित्सा पेशेवरों के लिए भी अंतर कर पाना मुश्किल हो जाता है।

## ट्रेंड

### औपनिवेशिकता से मुक्त हों



यह हास्यास्पद बात है कि अज्ञानी अपने संकीर्ण दृष्टिकोण से हमें समावेशिता के बारे में जागरूक करने की कोशिश करते रहे हैं। देश के इतिहास का पहला मसौदा उपनिवेशवादियों के विकृत दृष्टिकोण के माध्यम से आया था। हमें खुद को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करना होगा। **-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति**

### मनरेगा में यूपी प्रथम



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 100 दिन रोजगार देने में उत्तर प्रदेश ने पहला स्थान हासिल किया है। कामगारों को सरकार हुनरमंद भी बना रही है।
**-केशव प्रसाद मौर्य , डिप्टी सीएम, यूपी**

### एआई का लोकतंत्रीकरण



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में फिल्म निर्माण का लोकतंत्रीकरण करने, शिक्षा पर आधारित फिल्मों को बढ़ावा देने और कमजोर वर्गों को ध्यान में रखते हुए फिल्म उद्योग में सुधार करने की क्षमता है। विश्व आर्थिक मंच बदलाव का प्लेटफॉर्म है।
**-भूमि पेडनेकर, अभिनेत्री**

### परिवार व दर्शकों को श्रेय



बिग बॉस-18 का विजेता बनने के लिए मैं अपने परिवार से लेकर अपनी मां, बहन, बहनोई, पिता तक और दर्शकों, प्रशंसकों को इसका श्रेय देना चाहूंगा। मेरे लिए यह बड़ी उपलब्धि है।
**-करणवीर मेहरा, अभिनेता**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


MARUTI SUZUKI
NEXA
HALF THE ROAD TAX. DOUBLE THE STYLE.
Enjoy 50% road tax waiver by the Chhattisgarh Government on the New Age Baleno. Offers Valid in January during the Raipur Auto Expo 2025.
GRAB IT BEFORE PRICE RISE OF UP TO 4%
BALENO
THE NEW AGE
BALENO
TECH GOES BOLD
1st in Segment
360 VIEW CAMERA
1st in Segment
HEAD UP DISPLAY
6 AIRBAGS^
IN-BUILT SUZUKI CONNECT
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
BENEFITS UP TO ₹ 72 100**
For any bulk purchase enquiries please email to renjith.nair@maruti.co.in
ADDITIONAL SCRAPPAGE BONUS AVAILABLE AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
FOR MORE DETAILS CONTACT MR. SHREY SHIKHAR PH: +91 81308 49972
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Offers may vary subject to the model and variant purchased. All offers are applicable till stocks last. Applicable on available stock of 2024 models. **All offers are brought to you by NEXA dealers only. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Creative Visualization. For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the owner's manual. *3 years or 100 000 km whichever is earlier. As per the directives of State Government. Applicable for Chhattisgarh. RTO waiver offer is valid on all Maruti Suzuki NEXA models during the Raipur Auto Expo 2025, for the month of January '25.

## जैकेट के शेष

### मांझे से मासूम की...

बाजार में कैसे उपलब्ध है? हाईकोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव से शपथपत्र के माध्यम से इस मुद्दे पर जवाब देने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस ने सरकार से पूछा है कि आखिर क्यों इस अधिनियम का पालन नहीं करवाया जा सका। क्या इस मामले में बच्चे के परिजन को मुआवजा दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 29 जनवरी 2025 को तय की गई है।

### ये घटना प्रशासन की...

पर्याप्त निगरानी क्यों नहीं की जा रही है। कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए कहा कि इस घटना ने राज्य प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझे का खुलेआम बिकना प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है।

### पिता के साथ गार्डन...

नाका के पास अचानक एक मांझा बच्चे के गले के पास फंस गया। बच्चा बुरी तरह जख्मी हो गया। धनेश ने गाड़ी रोककर जैसे-तैसे मांझे को बाहर निकाला। बच्चे के पिता उसे पास के ही एक निजी अस्पताल लेकर गए, लेकिन इलाज नहीं हो पाया। इसके बाद मेकाहारा ले गए, जहां बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। बता दें कि धनेश साहू पेशे से मोटर मैकेनिक है। पुष्कर, धनेश का इकलौता बेटा था। पिता धनेश साहू के मुताबिक अगर निजी अस्पताल में समय रहते इलाज मिल जाता तो शायद बच्चे की जान बच जाती।

### हादसे के बाद पतंग...

सीलबंद किया गया। दरअसल, शहर में एक अरसे से चाइनीज मांझे की धड़ल्ले से हो रही बिक्री हो रही है, पर इसकी जांच के लिए कोई ठोस अभियान नहीं चलाया गया। जनशिकायत के बाद सोमवार को निगम के राजस्व विभाग की टीमों ने शहर के पतंग दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संतोषी नगर में 2 पतंग दुकानों में 8 बंडल चाइनीज मांझा मिला, जिसे जब्त कर लिया गया है। संबंधित पतंग दुकानदारों को भविष्य के प्रतिबंधित चाइजीज मांझा का विक्रय नहीं किये जाने की चेतावनी दी गई है।

### मेयर-पार्षद का...

**महापौर-पार्षद के नतीजे 15 फरवरी को** : नगरीय निकाय चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया 22 से 28 जनवरी तक चलेगी। नाम वापसी 31 जनवरी तक होगी। वोटिंग 11 फरवरी को होगी। रिजल्ट 15 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। वहीं, पंचायत चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 27 जनवरी से शुरू होगी। नाम वापसी की तारीख 6 फरवरी होगी। पंचायत चुनाव के लिए तीन चरणों में वोटिंग होगी। परिणाम भी तीन चरणों में घोषित किया जाएगा।

**निकाय चुनाव में कितने मतदाता** : राज्य की 10 नगर पालिक निगम, 49 नगर पालिका, 114 नगर पंचायतों में चुनाव आयोजित होंगे। दुर्ग और सुकमा नगरीय निकायों के 5 वार्डों में उपचुनाव भी होंगे। नगर पालिकाओं में 22 लाख 525 पुरुष और 22 लाख 73 हजार 232 महिला मतदाता हैं। नगर पालिकाओं के लिए कुल मतदान केंद्र 5970, जिनमें से 1531 संवेदनशील और 132 अति संवेदनशील हैं।

### 10 नगर निगमों में...

पंचायत सदस्यों के 433 पद पर चुनाव होना है। जनपद पंचायत में 2973 पदों पर चुनाव होगा। ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए 11672, वार्ड पंच के लिए 1 लाख 60 हजार 180 पदों पर मतदान होगा। पंचायत चुनाव में 78 लाख 20 हजार 202 पुरुष, 79 लाख 92 हजार 184 महिला मतदाता वोटिंग करेंगी।

### भाजपा के पास...

कार्यकाल के बीच राज्य की राजनीति की हवा बदली हुई है। यही नहीं भाजपा सरकार ने मेयर-अध्यक्ष चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से करवाना तय किया है। इस तरह बदले हुए हालात पर राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि इस चुनाव में भाजपा के पास खोने के लिए कम और पाने के लिए बहुत कुछ है।

**कांग्रेस के सामने गढ़ बचाने की बड़ी चुनौती** : इस साल होने वाले निकाय चुनाव में कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि पिछले चुनाव में उसके सभी 14 नगर निगमों में मेयर पद हासिल किए थे। इनमें से 10 में चुनाव होंगे। इन सभी में कांग्रेस के महापौर हैं। छत्तीसगढ़ में पांच साल पहले जब कांग्रेस सरकार में थी उस समय लोगों ने राज्य सरकार को देखते हुए वार्डों में कांग्रेस के पक्ष में जमकर मतदान किया था। भाजपा 2018 की हार के सदमे से उबरी नहीं थी। लिहाजा कांग्रेस को मौके का पूरा फायदा मिला। लेकिन इस बार तस्वीर पूरी तरह बदली हुई है। जो हालात उस वक्त भाजपा के सामने थे वे अब कांग्रेस के सामने हैं।

**भाजपा के पास पाने के लिए बहुत कुछ** : इस बार के चुनाव के समय भाजपा राज्य की सत्ता में होने के साथ केंद्र में भी है। यहां डबल इंजन की सरकार को काम करते हुए एक साल से अधिक का समय बीत चुका है। खास बात ये है कि भाजपा सरकार ने निकाय चुनाव की प्रणाली में बदलाव करते हुए मेयर-अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से करवाने की प्रक्रिया फिर लागू की है। प्रेक्षकों के मुताबिक प्रत्यक्ष प्रणाली में मेयर, अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा के चेहरे का लाभ मिलता है। दूसरी ओर, भाजपा ने बीते एक साल में इन चुनावों के लिए जमकर तैयारियां की है। तैयारी के मामले में भाजपा कांग्रेस से मीलों आगे लगती है। भाजपा ही नहीं उसके अनुषांगिक संगठन भी कदमताल मिलाए हुए हैं। भाजपा ने अभी जो माहौल बना रखा है जाहिर है वह पिछले चुनाव से पूरी तरह अलग है और यही बदलाव उसे मुख्य विपक्षी कांग्रेस से आगे ले जाता दिखता है। भाजपा के राज्य के नहीं केंद्र के मंत्री और बड़े नेता लंबे समय से यहां आकर पार्टी को मजबूती देने वाले काम कर रहे हैं।

**पिछली बार सभी निगमों में कांग्रेस के मेयर** : पिछले चुनाव में कांग्रेस ने राज्य के सभी 14 निगमों में मेयर पद पर जीत हासिल की थी। इस बार 10 निगमों में चुनाव होने जा रहे है। इन 10 निगमों में कांग्रेस के मेयर थे। कोरबा राजकिशोर प्रसाद, दुर्ग धीरज बाकलीवाल, धमतरी, विजय देवांगन, बस्तर सफीरा साहू, बिलासपुर रामशरण यादव, मनेंद्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर में कंचन जायसवाल, राजनांदगांव हेमा सुदेश देशमुख, रायगढ़ जानकी बाई काटजू, रायपुर एजाज ढेबर, अंबिकापुर डॉ. अजय कुमार तिर्की। इनके अलावा जिन चार निगमों के चुनाव बाद में हुए उनमें भी कांग्रेस के मेयर बने थे। इनमें भिलाई नीरज पाल, भिलाई चरोदा निर्मल कोसरे, रिसाली शशि सिन्हा, और बीरगांव नंदलाल देवांगन मेयर बने थे। कांग्रेस को पिछले चुनाव जैसी सफलता दोहराने की चुनौती है।

**नगर पालिका में भी कांग्रेस आगे** : राज्य में 53 नगर पालिका निगम में से इस बार 49 में चुनाव हो रहे हैं। पिछले चुनावों में भी कांग्रेस के नगर पालिका अध्यक्ष अधिक संख्या में थे। लेकिन इस बार जैसी चुनौती नगर निगम के मामले में है वैसी ही चुनौती पालिका चुनाव को लेकर भी बनी हुई है। दूसरी ओर राज्य में कांग्रेस संगठन की स्थिति और उनकी सियासत को देखें तो कांग्रेस भाजपा के मुकाबले काफी कमजोर नजर आती है। इसके पीछे सबसे अहम कारण ये है कि कांग्रेस राज्य की सत्ता से बाहर है। 2018 के विधानसभा चुनाव ही नहीं 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में भी उसे करारी हार का सामना करना पड़ा है।

**महापौर की खर्च सीमा 15 से 25 लाख** : नगरीय निकाय चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रत्याशियों के लिए खर्च की सीमा तय कर दी है। 5 लाख की आबादी वाले नगर निगम के लिए महापौर अधिक से अधिक 25 लाख खर्च कर सकेंगे। महापौर 3 से 5 लाख की आबादी वाले निगम क्षेत्रों में 15 लाख से 20 लाख खर्च कर सकते हैं। नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों के लिए चुनावी खर्च की राशि तय की गई है। 50 हजार से अधिक आबादी वाले नगर पालिका अध्यक्ष अधिकतम 10 लाख रुपए और 50 हजार से कम आबादी वाले नगर पालिका अध्यक्ष अधिकतम 8 लाख रुपए खर्च कर सकेंगे. इसके अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए खर्च की सीमा 6 लाख रुपए है।

**पार्षदों चुनावी खर्च सीमा 75 हजार से 8 लाख** : ऐसे नगर निगम, जहां 3 लाख या उससे ज्यादा जनसंख्या है वहां पार्षद 8 लाख रुपए तक चुनावी खर्च कर सकेंगे. वहीं में 3 लाख से कम आबादी वाले नगर निगमों में खर्च की सीमा 5 लाख रुपए होगी. वहीं नगर पालिका में पार्षदों के खर्च की सीमा 2 लाख और पंचायतों में 75 हजार निर्धारित की गई है।

### हमने बनाया है, हम...

कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का चुनाव बताया। मुख्यमंत्री साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि - गांव संवारेंगे, शहर संवारेंगे, हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे। नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का शंखनाद हो चुका है। समूचा छत्तीसगढ़, लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए उत्साहित है।

### बसपा भी चुनाव...

ओपी बाचपेयी ने कहा है कि जहां-जहां हमें योग्य प्रत्याशी मिलेंगे वहां हम चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व के चुनावों में भी पार्टी कुछ जगहों पर चुनाव लड़ती रही है। कई सीटों पर अच्छे वोट मिले और पार्षद व जिला पंचायत सदस्य, जनपद के चुनाव भी जीते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी को भले ही सीट नहीं मिली लेकिन राज्य में साढ़े तीन प्रतिशत वोट मिले थे।

### आप भी उतरेगी...

संबंध में बैठकें की जा रहीं है। हालांकि आप को राज्य में अब तक कोई बड़ी चुनावी सफलता नहीं मिल पाई है। पूर्व में पार्टी ने विधानसभा चुनाव में कूदी थी, लेकिन उसके प्रत्याशियों को उल्लेखनीय सफलता नहीं मिल पाई।

### गैंगरेप में पांच...

कोरवा की 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री पर शादीशुदा संतराम की पहले से ही बुरी नजर थी। युवती जब घर में अकेली होती थी तो संतराम घर में घुस जाता था और अश्लील हरकत करता था। इस मामले की जानकारी युवती ने अपनी मां और पिता को भी दी थी। युवती ने उन्हें यह भी बताया था कि संतराम उससे शादी की बात करता है लेकिन वो उसके साथ नहीं रहेगी और यहां अब काम भी नहीं करेगी। जिसके बाद परिवार के लोग 29 जनवरी को सतरेंगा से ग्राम बरपानी जाने की तैयारी कर रहे थे। संतराम परिवार को जाने नहीं देना चाहता था। जिसके बाद संतराम ने अपने साथियों के साथ मिलकर मर्डर की पूरी प्लानिंग तैयार कर ली। संतराम ने अपने एक साथी उमाशंकर को बाइक से मृतका की मां और उसकी भतीजी को बस स्टैंड छोड़ने को कहा। युवती को उसके पिता और रिश्ते की भतीजी को उसने स्वयं थोड़ी देर बाद छोड़ देने की बात कही। जिसके बाद संतराम मंझवार उनको छोड़ने अपनी बाइक से बरपानी जा रहा था। इस दौरान रास्ते में कोरई गांव में शराब पीने के बाद अपने साथियों के साथ संतराम व उसके साथियों ने पहले पिता के सामने ही नाबालिग से गैंगरेप किया फिर सबने मिलकर नाबालिग, उसके पिता और भतीजी की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना की। साक्ष्य मिलने के बाद मामले में पुलिस ने सतरेंगा निवासी संतराम मंझवार 45 वर्ष पिता धीरसाय, अनिल कुमार 20 वर्ष पिता भरत साय, उमाशंकर यादव 21 वर्ष पिता फेंकूराम यादव, आनंदराम पनिका 25 वर्ष पिता होरीदास पनिका, परदेशीराम 35 वर्ष पिता बुधवार दास, अब्दुल जब्बार 29 वर्ष पिता मोहम्मद इकबाल को गिरफ्तार कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। जहां मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी (पाक्सो) डॉ ममता भोजवानी के न्यायालय में चल रही थी। सोमवार को मामले की अंतिम सुनवाई हुई और आरोपियों के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर संतराम मंझवार, अनिल सारथी, परदेशी दास, आनंद दास, अब्दुल जब्बार को फांसी व उमाशंकर यादव को आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया गया है। मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी अतिरिक्त विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा की गई है।

### तात्कालीन सीएसपी ने...

के मामले में आरोपी को सख्त से सख्त सजा सुनाते हुए 5 आरोपियों को मृत्युदंड व एक आरोपी को आजीवन की सजा से दण्डित किया गया है। जिसमें 208 पेज का जजमेंट दिया गया है।

### स्कूल बस ट्रक से...

में पदस्थ शिक्षा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार माध्यमिक शाला केवटटोला के 50 छात्र छात्राओं को शनिवार रात 8 .30 बजे बिना किसी प्रशासनिक परमिशन के माध्यमिक शाला केवटटोला में पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाएं बस्तर भ्रमण के लिए ले गए थे। वापसी के दौरान चित्रकूट में रात्रि भोजन उपरांत बस अपने गर्तव्य स्थल के लिए रवाना हुई थी रात्रि 1 बजे के लगभग कोंडागांव नया बस स्टैंड के सामने नेशनल हाईवे में तेज रफ्तार कांकेर रोडवेज कि बस क्रमांक सीजी 04 पी यू 9018 अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 17 केजे 8286 से जा टकराई आमने-सामने के भिड़ंत में बस के सामने का हिस्सा परछक्को में तब्दील हो गया हादसे मे ड्राइवर दिलीप ठाकुर चारामा निवासी तथा प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक रामकुमार भूआर्य कि घटनास्थल में ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि बस ड्राइवर बस के केबिन में फसा रहा जिसे मशक्कत के बाद मृत अवस्था में बाहर निकला गया घटनास्थल से घायल 30 छात्र-छात्राओं को दर्द मे रोते बिलकते आनन फानन में एंबुलेंस तथा अन्य व्यवस्था के बीच जिला अस्पताल कोंडागांव भर्ती कराया गया।

**अफसर फोन नहीं उठा रहे** : बस्तर के कोंडागांव में बच्चों से भरी बस हादसे का शिकार होने के बाद सुबह से मोहला मानपुर जिले के कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को फोन लगाया जा रहा है, वे फोन रिसीव करने को तैयार नहीं है। हादसे में जिला शिक्षा अधिकारी का शासकीय स्कूलों के प्रति किसी तरह का नियंत्रण नहीं है जिन पर कार्रवाई तय होनी चाहिए।
- इंद्र शाह, मंडावी विधायक।

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

## पेज एक के शेष

### मेरा बस चले तो...

सबसे यही कहता हूं कि अपने नेतृत्व पर भरोसा रखो और काम करते चलो। पार्टी कब कहां पहुंचा दे कोई नहीं जानता।

**सवाल: मेरा सवाल ये है कि आप क्या कर पाए?**

**जवाब** : देखिए, इस सबंध में, मैं कुछ बोलूंगा तो अतिश्योक्ति होगी। मेरा काम पार्टी, प्रदेश और समाज देख रहा है। केवल 4 माह में तीन विश्वविद्यालय मप्र को मिले हैं। एक खरगोन में दूसरा गुना और तीसरा सागर में नए विश्वविद्यालय खोले गए हैं। कुलपति से कुलगुरु तक का ये सफर चंद महीनों में ही पूरा किया गया है। इसके अलावा हुकुमचंद मिल के श्रमिकों का भुगतान बीते 30 सालों से लंबित था। उनका भुगतान 8 दिनों में करवा दिया गया। इसके अलावा तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मप्र में सिंचाई का रकबा 7 लाख से 48 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाया था। अब हम इसे बढ़ाकर 1 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। यही नहीं खनिज के क्षेत्र में सबसे ज्यादा निवेश के प्रस्ताव लाने और राज्य में 55 ई-एक्सीलेंस कॉलेज खोलने और ई-समन की व्यवस्था करने में मध्य प्रदेश अग्रणी राज्य बना है। इसके अलावा देश में दुग्ध उत्पादन में मध्य प्रदेश की हिस्सेदारी 9 प्रतिशत की है। आने वाले समय यह हिस्सेदारी देश में तीसरे नंबर पर होगी। जब नई सरकार का गठन हुआ तो आशंकाओं के बादल घिरे हुए थे। कहा जा रहा था कि मप्र में लाड़नी बहना योजना बंद हो जाएगी। कर्जा इतना बढ़ेगा कि ओवर ड्राफ्ट हो जाएगा। जबकि हकीकत यह है न तो ओवरड्राफ्ट हुआ और न ही लाड़ली बहना योजना बंद हुई। राज्य की ग्रोथ लगातार हो रही है। सवा तीन लाख का बजट बढ़ाकर साढ़े तीन लाख करोड़ का किया है। इस बार हम 4 लाख करोड़ का बजट करने जा रहे हैं। आने वाले समय से बजट बढ़कर 7 लाख करोड़ तक पहुंचाएंगे।

**सवाल: डॉ. मोहन यादव कभी गो-शाला तो कभी सिंचाई के लिए जुट जाते हैं कभी हिंदुत्व जागा तो कोई फरमान जारी कर देते हैं,आखिर करना क्या चहते हैं?**

**जवाब**: सर्वांगीण विकास... मध्य प्रदेश पर परमात्मा ने कई क्षेत्रों में बड़ी कृपा की है। देश, दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसमें मध्य प्रदेश का बड़ा योगदान रहे इसके लिए हम काम कर रहे हैं। हर एक युवा के हाथ में काम हो,गरीब,किसान और महिलाएं खुशहाल हों इस पर फोकस किया जा रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में चौतरफा विकास कार्य हो रहे हैं।

**सवाल: पीएम के नेतृत्व और उनके मार्गदर्शन में आप काम कर रहे हैं ऐसे में आपके सहयोगी मंत्री कितना सहयोग कर रहे हैं खासतौर से तब जब कैबिनेट में ऐसे कई चेहरे हैं जो लंबे समय से सीएम बनने के इंतजार में हैं?**

**जवाब**: देखिए,भाजपा की परंपरा रही है कि नेतृत्व कोई भी करे। सहयोग में कोई कमी नहीं करता और न ही परेशानी खड़ी करता है। जब शिवराज सीएम बने थे, तब सुंदरलाल पटवा, कैलाश जोशी, उमा भारती जैसे कई सीनियर मौजूद थे। बाद में सभी ने शिवराज का भरपूर सहयोग किया। भाजपा की परंपरा है सबके साथ मिलकर काम करते हैं। इसमें कोई बड़ा या छोटा नहीं होता है।

**सवाल: आपने 7 रीजनल कॉन्क्लेव की और अगले महीने भी इंटरनेशनल कॉन्क्लेव करने जा रहे हैं। ये क्रियान्वयन से ज्यादा सेरेमनी बन रही हैं?**

**जवाब**: आप देखिए... लगातार भूमिपूजन और लोकार्पण हो रहे हैं। वहां अकेला मैं नहीं होता हूं, सांसद,विधायक और उद्योगपति मौजूद रहते हैं। टोरंटो कंपनी 18 हजार, टीएमटी ने साढ़े 3 हजार, रिलायंस ने 6 हजार करोड़ के एमओयू किए हैं।

**सवाल: सवाल ये भी है कि मप्र और उद्योगपति पहले भी थे ये अब क्यों आ रहे हैं?**

**जवाब**: ये तो उनसे पूछो न...लेकिन बता देता हूं कि आकर्षक नीतियां,इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतर कानून व्यवस्था जैसे कई कारण हैं जिसकी वजह से उद्योगपति यहां निवेश के लिए आगे आ रहे हैं। मप्र को सभी तरह के उद्योगों की जरूरत है यहां बड़े,छोटे,लघु और कुटीर उद्योग युवाओं को रोजगार देने में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं। यही वजह है कि निवेश के लिए केवल बड़े शहर नहीं बल्कि संभाग स्तर पर भी निवेश पर जोर दिया है। आने वाले समय में जिला स्तर पर भी निवेश के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

**सवाल: जहां से डॉ.मोहन यादव चले हरदा,उज्जैन वो प्राथमिकता में कहां हैं?**

**जवाब**: हमारे लिए उज्जैन ही नहीं इंदौर भी बोलिए। इंदौर इस प्रदेश का चमकता हीरा है। ऐसा ही हीरा हमें पूरे प्रदेश को बनाना है। और इंदौर को मुंबई जैसा बनाने की हमारी प्राथमिकता है। जहां तक उज्जैन की बात है तो इस धार्मिक नगरी में जब 2022 में प्रधानमंत्री मोदी ने महालोक का उद्घाटन किया है तब से उज्जैन की काया ही पलट गई। धार्मिक पर्यटन है और उद्योगों की यहां अनंत संभावनाएं हैं। भौगोलिक दृष्टि से भी उज्जैन देश का केंद्र बिंदु है।

**सवाल: उज्जैन में रात गुजराने के फैसले से आपके जीवन में क्या परिवर्तन आया?**

**जवाब**: भगवान जन्मदाता है प्राण नहीं लेता है। एक मिथ्या से लोग डरे हुए थे उस डर निकालने के लिए मैनें रात गुजारी। कई लोग सुबह आ गए। मैंने उनसे कहा कि आप लोग क्या मुझे मरा हुआ समझ रहे थे। बाबा महाकाल की कृपा हम सब पर है वे हमारे पालनहार हैं।

**सवाल: लाड़ली बहना जैसी योजनाओं में पैसे बढ़ाने की बात हो रही है आप क्या कहते हैं?**

**जवाब**: मैं इसका समर्थक हूं। हम लाखों करोड़ों का बजट बनाते हैं उसमें 12 सौ रुपए अपनी बहनों के हाथ पर रख देते हैं तो उसमें बुराई क्या है। मेरा बस चले तों मैं 10 हजार रुपए महीने दूं। हमारी परंपरा को विक्रमादित्य से समझिए उन्होंने सभी का कर्जा माफ किया और जितना कर्जा था उतना ही लोगों को नगद दे दिया।

**सवाल: 10 हजार की स्थिति में कब पहुंचेंगे?**

**जवाब**: 5 हजार तो अभी दे रहे हैं। रायसेन, भोपाल जैसी जगहों पर जहां रेडीमेड गारमेंटस बनाने वाली इंस्ट्रीज में बहनें काम कर रही हैं, उन्हें 15 से 20 हजार रुपए महीना वेतन मिल रहा है इसमें से 5 हजार इंसेंटिव मप्र सरकार दे रही है। गो-शालाएं जैसी बड़ी योजनाओं पर काम कर रहे हैं। इससे सिस्टम में कुछ बदलाव होगा।

### राष्ट्रपति बनते ही ट्रंप का...

(78) ने एक ताकतवर व्यक्ति और एक शक्तिशाली राष्ट्रपति की दृष्टि के साथ व्हाइट हाउस में वापसी की है। साथ ही उन्होंने आव्रजन, शुल्क और ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में अमेरिकी नीतियों को आक्रामक रूप से बदलने का वादा किया है। ट्रंप ने अपने शपथ में कहा, 'मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं अमेरिका के राष्ट्रपति के पद का निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा तथा अमेरिका के संविधान का अपनी पूरी क्षमता से संरक्षण, सुरक्षा और बचाव करूंगा। ट्रंप से पहले जे. डी. वेंस ने उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया।

### दोषी संजय को...

स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के खिलाफ किये गए जघन्य अपराध के मामले में दोषी ठहराया था। इस घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश फैल गया था और पश्चिम बंगाल में लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन हुए। अदालत ने रॉय पर 50,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया और राज्य सरकार को मृतक चिकित्सक के परिवार को 17 लाख रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिया।

### कुल्हाड़ीघाट जंगल में...

वनांचल कुल्हाड़ीघाट के जंगल में माओवादियों के खिलाफ एक बड़ा ऑपरेशन शुरू किया। ऑपरेशन में ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस की 10 टीमें शामिल हैं, जिनमें 3 एसओजी, 2 छत्तीसगढ़ पुलिस (इ.30), और 5 सीआरपीएफ की टीमें शामिल थीं। बताया जा रहा है कि दोनों राज्यों के लगभग सैकड़ों जवानों ने ऑपरेशन की शुरु किया। कुछ ही समय बाद ही माओवादियों द्वारा इस मुठभेड़ के दौरान कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया। उसकी हालत गंभीर होने की वजह से गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा ने तत्काल हेलीकॉप्टर की मदद से उसे रायपुर भेजा है। घायल जवान को लेने के लिए हेलीकॉप्टर मैनपुर से 3 किलो मीटर दूर भाठीगढ़ पैरी स्टेडियम में उतरा। तत्काल घायल जवान को एयरलिप्ट कर राजधानी रायपुर लाया गया है, जहां जवान का इलाज किया जा रहा है। मुठभेड़ के दौरान जवान के गर्दन से छूकर गोली निकल गई थी। घायल जवान कोबरा बटालियन का बताया जा रहा है। घायल जवान को जब लेने हेलीकॉप्टर मैनपुर पहुंचा तो भारी भीड़ को काबू करने के लिए सुरक्षा के लिए जवानों को काफी मशक्त करनी पड़ी। इस दौरान स्टेडियम के चारों तरफ भारी बल तैनात किए गए थे। लोग घायल जवान को देखने स्टेडियम तक पहुंच गए थे।

**ड्रोन के जरिए निगरानी** : इस ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने ड्रोन के माध्यम से नक्सलियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी। ड्रोन की मदद से माओवादियों के ठिकानों और उनके द्वारा किए गए हमलों का जल्दी पता लगाया गया। सुरक्षा बलों ने इस मुठभेड़ के बाद इलाके में और भी नक्सलियों के छिपे होने की संभावना जताई है। ऑपरेशन में और भी सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है और पूरा क्षेत्र सील कर दिया गया है। पुलिस के जवानो द्वारा नक्सलियों को चारो तरफ से घेर लिया गया है और सुरक्षा बलो का ऑपरेशन अभी भी जारी है। पुलिस के अफसरों का मानना है कि सर्चिंग के दौरान और भी महत्वपूर्ण हथियार और जानकारी हाथ लग सकती है।

### गांव में पिता का...

स्थान पर दफनाने की इजाजत न देते हुए याचिका निस्तारित कर दी थी। पीठ ने कहा, किसी व्यक्ति को जो किसी विशेष गांव में रहता है, उसे उसी गांव में क्यों नहीं दफनाया जाना चाहिए? शव सात जनवरी से मुर्दाघर में पड़ा है। यह कहते हुए अफसोस हो रहा है कि एक व्यक्ति को अपने पिता के अंतिम संस्कार के लिए उच्चतम न्यायालय आना पड़ा। हमें अफसोस है कि न तो पंचायत, न ही राज्य सरकार या उच्च न्यायालय इस समस्या को हल कर सके।


FORM NO.
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication.

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur- 482001

NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993

RC/181/2018 03-01-2025

ICICI BANK LTD.
Vs.
NEETA VISHWAKARMA

To,
(CD1) NEETA VISHWAKARMA H N 903, NEAR ARYA SAMAJ MANDIR, BAIJNATH PARA, RAIPUR (C.G.)-492001
(CD2) ASHOK KUMAR VISHWAKARMA, H. N 903, NEAR ARYA SAMAJ MANDIR, BAIJNATH PARA, RAIPUR (C.G.)-492001
(CD3) SARASWATI VISHWAKARMA, H. N 903, NEAR ARYA SAMAJ MANDIR, BAIJNATH PARA, RAIPUR (C.G.)-492001

Whereas you the Neeta Vishwakarma was ordered by the Presiding Officer of Debts Recovery Tribunal, Jabalpur who had issued the Recovery Certificate dated 19/05/2018 in OA/239/2016 to pay to the Applicant Bank(s)/ Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of Rs. 5,70,090.00 (Rupees Five Lakh Seventy Thousands Ninety Only) along with pendentellite and future interest @ 12.00 % Simple Interest Yearly w.e.f. 01/04/2016 till realization and costs of Rs 21000 (Rupees Twenty One Thousands Only), and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of under mentioned immovable/ Immove- able property.

2. You are hereby informed that the 24/02/2025 at 10.30 A.M. has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

Specification of property
Residential House on Plot No. E-4, Parshuram Vihar, Ground Floor, on Khasra No. 139/3P, PC No. 113, Parshuram Nagar, Mahaveer Nagar, Amlidih, Purena, Tehsil and District Raipur (C.G); area admeasuring 800 sq.ft.; belonging to Ms. Neeta Vishwakarma.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 03/01/2025.

Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur



आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता आशीष कुमार पिता स्व. अशोक चतुर्वेदी, निवासी ग्राम - अतरमरा तहसील छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.) वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि पाटन मौजा - ग्राम पटार, प.ह.नं. 00001, रा. नि. - गरियाबंद, तहसील व जिला गरियाबंद (छ. ग.) है जिसका खसरा नं. 5/1, रकबा - 3.0200 हेक्टयर एवं खसरा नं. 5/2, रकबा - 2.9200 कुल खसरा 2 कुल रकबा 5.9400 हेक्टयर कृषि भूमि स्थित है, उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा।

सो सूचना जाने।

स्थान - रायपुर छ.ग.
दिनांक 20/01/2025

गीतेश कुमार बैस (अधिवक्ता)
साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 98274-62029, 90090-57851



MUNICIPAL COUNCIL, BHATGAON

E-Procurement Tender Notice ( 2nd Call ) BHATGAON, dated 20-01-2025

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/ up to date 21-02-2025 at 17.30 Hours

| Sl. No. | SYSTEM TENDER NO: | NIT No. | Description | EMD/Cost of Tender Form /TDR/FDR |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 164896 | NIT NO /BHATGAON/PWD /1088 DATE 20.01.2025 | STREET LIGHT POLE EXTENTION AT OLD BUS STAND TO SHANI MANDIR IN WARD NO 02&06 [Electrical SOR 01.06.2020] | Rs. 26.32 LAC |
| 2 | | | STREET LIGHT POLE EXTENTION AT ADHBANDHA TALAB PAAR EAST SIDE IJ WARD NO 02 [Electrical SOR 01.06.2020] | Rs.20000/- |
| 3 | 164904 | NIT NO /BHATGAON/PWD /1089 DATE 20.01.2025 | STREET LIGHT POLE EXTENTION FROM SINGHI CHUWAN ROAD IN WARD NO 01 [Electrical SOR 01.06.2020] | Rs. 29.49 LAC Rs. 22118/- |

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in From 21.01.2025 at 11:30 Hours. (IST) onwards.
For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL
BHATGAON



कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र./लो.क.वि./2025/1800 रिसाली, दिनांक 20/01/2025

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 37 रिसाली जोरातराई बाह्यपारा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कार्य। | 164805 | 6384352.00 | 10.02.2025 |

(नोट :- ई-टेण्डर में सभी दस्तावेज ऑनलाईन एवं ऑफलाईन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य किया जावेगा/दरकोनहींखोला जावेगा)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली



कार्यालय नगर पंचायत डौण्डी, जिला-बालोद (छ.ग.)

-:: प्रथम ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::-

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक/403/लो.नि.वि./न.पंचा/2024-25 डौण्डी, दिनांक 20/01/2025

कार्यालय नगर पंचायत डौण्डी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु प्लेसमेंट कर्मचारी प्रदाय हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत प्लेसमेंट एजेंसी/ठेकेदार/पंजीकृत महिला स्वसहायता समूह से कम या अधिक या समान दरों पर पंजीकृत ऑनलाईन निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 164862 | Selection Placement Agency for supply of labour of different categories Skilled And unskilled | 40.50 लाख | 40500.00 | 11/02/2025 |

निविदा ऑनलाईन वेबसाईट Main Portal https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 20/01/2025 को शाम 01:30 बजे देखें एवं निविदा की कार्यवाही की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत डौण्डी, जिला-बालोद (छ.ग.)


## शब्द पहेली - 5754

**बाएं से दाएं**
1.जायकेदार,लजीज–5
4.नट का खेल–4
7.राय,वोट–2
8.दुरुह,कठिन–3
9.प्रहार,घात–2
10.अचरज भरा कार्य–4
11.शराब,मद्य–2
13.साझेदार–4
14.क्षण,लम्हा–2
16.सहयोग–3
18.अड़िग–3
19.कैद, बंधक–3,2
21.चुगली करना–2,3
24.धावक (अंग्रेजी–3)
26.अग्नि, आग–3
28.टैक्स, हाथ–2
29.एक मुगल सम्राट–4
30.टकटकी–2
32.कैंची से काटना–4
33.आत्मा–2
35.सीरा,मिष्ठान–3
36.आगमन–2
37.जोरदार–4
38.तेज दौड़ना–5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत–2
2.झगड़ा,रार–4
3.फिल्मी दुनिया–3,2
4.लेखनी,पेन–3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं–2
6.वटवृक्ष–4
7.मन को भाने वाला–5
10.बुरा आचरण–4
12.यमराज–2
15.चुनौती–4
17.विदरण,एकता भंग–3
18.आर्द्रक–4
20.भूमि,धरती–3
22.आवेश में आना–4
23.नामकरण–2,3
25.नरक में रहना–5
26.जामफल–4
27.बेल,लतिका–2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना–4
31.जलजला–3
34.मैं का बहुवचन–2
36.रुपये का सोलहवां भाग–2

शब्द पहेली- 5753 का हल

## सूडोकू नवताल - 5765

कठिनतम

सूडोकू नवताल - 5764 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 5 | 3 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 | 4 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

अदालती कार्यवाही पर लगाई गई रोक

# शाह पर टिप्पणी मामले में राहुल को सुप्रीम राहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को बड़ी राहत मिली। अदालत ने उनके खिलाफ दायर मानहानि मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी से जुड़ा यह मामला है। इसे लेकर मानहानि का मामला रद्द करने संबंधी राहुल गांधी की याचिका पर एससी में सोमवार को सुनवाई हुई। अदालत ने झारखंड सरकार और स्थानीय भाजपा नेता को नोटिस जारी किया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने राहुल गांधी की अपील पर झारखंड सरकार और भाजपा नेता को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। पीठ ने कहा, 'नोटिस जारी किया जाए। अगले आदेश तक मुकदमे की आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी।'

■ झारखंड सरकार और स्थानीय भाजपा नेता को नोटिस

### 'पीड़ित ही मानहानि की कर सकता है शिकायत'

राहुल गांधी की ओर से पेश सीनियर वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि ऐसे कई फैसले हैं, जिनमें कहा गया कि केवल पीड़ित व्यक्ति ही आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज करा सकता है। उन्होंने दलील दी कि मानहानि की शिकायत किसी प्रॉक्सी थर्ड पार्टी की ओर से दायर नहीं की जा सकती। भाजपा कार्यकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी पेश हुए। बता दें कि राहुल ने झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। हाई कोर्ट ने निचली अदालत में राहुल गांधी के खिलाफ जारी कार्यवाही को रद्द करने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

# एआईएमआईएम कैंडिडेट ताहिर पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार को लेकर औवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के कैंडिडेट ताहिर हुसैन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने सर्वोच्च कोर्ट से चुनाव प्रचार के लिए जमानत मांगी। हालांकि, कोर्ट ने ताहिर हुसैन को लेकर तल्ख टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसे लोगों को चुनाव ही नहीं लड़ने देना चाहिए। ताहिर हुसैन दिल्ली दंगों के आरोपी हैं। उन्होंने मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। ताहिर हुसैन ने चुनाव प्रचार के लिए सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत की मांग की है।

### देश विरोधी ताक़तों के साथ हैं कई पार्टियां : ठाकुर



भारतीय जनता पार्टी के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। सम्मेलन के दौरान उन्होंने देश विरोधी तत्वों से हाथ मिलाने और उनके साथ खड़े होने को लेकर अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी की तीखी आलोचना की। ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल, जो आप और हाथ के साथ डबल डेटिंग में शामिल हैं, राष्ट्र विरोधी ताकतों का पक्ष ले रहे हैं ठाकुर ने कहा कि आतंकवाद देश और दुनिया दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है और राष्ट्रीय सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है।

लखीमपुर हिंसा के गवाहों को धमकाने का मामला

# सुप्रीम कोर्ट सख्त, टेनी मामले में पुलिस से मांगी गई रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में हुई लखीमपुर हिंसा मामले में गवाहों को धमकाने के आरोपों पर सख्ती जताई है। कोर्ट ने मुख्य आरोपी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा टेनी पर लगे गवाहों को प्रभावित करने के आरोप पर यूपी पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लखीमपुर खीरी के एसपी मामले की जांच करके पूरी रिपोर्ट सौंपे। सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने गवाहों को धमकाने के आरोपों पर सख्त नाराजगी जाहिर की। वहीं आरोपी आशीष मिश्रा के वकील सिद्धार्थ दवे ने आरोपों से इन्कार किया। आरोपी के वकील ने कहा कि हर बार जब मामला अदालत के समक्ष आता है, तो शीर्ष अदालत द्वारा दी गई जमानत को रद्द करने के लिए इस तरह के दावे किए जाते हैं।

### 2021 को हुई हिंसा में गई थी आठ लोगों की जान

गौरतलब है कि 3 अक्तूबर 2021 को उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के लखीमपुर दौरे के विरोध में किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया था। इसी दौरान एक कार से कुचलकर चार किसानों की मौत हो गई थी। हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हुई थी।

### सशस्त्र सेनाओं के लिए दुखद है ध्रुव हेलिकॉप्टर के उड़ान भरने पर लगी रोक : रक्षा सचिव

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार रक्षा मंत्रालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव के संपूर्ण बेड़े के उड़ान भरने पर लगी हालिया रोक सशस्त्र सेनाओं के लिए दुखद है। लेकिन हमें उम्मीद है कि यह मामला जल्द हल हो जाएगा।

इसी जनवरी के महीने में गुजरात के पोरबंदर में तटरक्षकबल के एक एएलएच के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद लगभग 15 दिनों से ध्रुव हेलिकॉप्टर के उड़ान भरने पर रोक लगी हुई है। रक्षा सचिव गणतंत्र दिवस परेड समारोह में भाग लेने वाले मुख्य आकर्षक बिंदुओं के बारे में सम्मेलन में मीडिया को जानकारी दे रहे थे।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, धनबाद
मिश्रित भवन, भू–तल, पो0– धनबाद,
जिला– धनबाद–826001
E-mail Id – dhanbad.rmsa@gmail.com

Corrigendum Date: 18/01/2025

Reference to Tender Notice RFP No. SSA-06 (PR 343912) issued on date: 09/01/2025, can be downloaded from the website (https://dhanbad.nic.in).
The following reference clauses in the bid document have been modified and revised text shall replace the original text in the bid document. The compliance requirements for these clauses, however, remain the same as previously mentioned in the bid document.

| Reference in the Bid Document | Original Clause | Revised Clause |
|---|---|---|
| RFP-06, Under Section: Earnest Money Deposit, (Page-53 & 54) | ➢ Shall provide clarification required by the Office of the office of the District Social Welfare Officer during the evaluation of the bids. | ➢ Shall provide clarification required by the Office of the District Education Officer during the evaluation of the bids. |

PR 344745 School Education and Literacy(24-25).D
DISTRICT EDUCATION OFFICER DHANBAD

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002 e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement Very Short Notice
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/51/24-25 Dated 20.01.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for Elevated Marine Drive corridor and River Front Development for Mahadevganj (Sahebganj-Manihari Ganga Bridge 4-Lane approach road) to Jamuni Railway crossing via Shakuntala Ghat, Ojha Toli Ghat,Chanan, Madanshahi, Satichowki-Khuthari Sahebganj Bypass along the bank of Ganga river including proposal for elevated structures as per requirements, bridges, culverts etc as required including complete Land Acquisition Proposal including ownership details, Resettlement and Rehabilita tion Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines,, at Sahebganj in the state of Jharkhand from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 90 Days |
| 3- | Tentative Length | 13.500 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | Cost of Tender Document: - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. EMD :- Rs- 1,00,000/- (Rupees One Lac Only) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 22.01.2025, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 30.01.2025, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 31.01.2025, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No- 8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in
Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi
PR 344676 Road (24-25)_D

# बदलापुर यौन शोषण केस : पांच पुलिसकर्मियों पर एफआईआर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दुनियाभर में अरबपतियों की संपत्ति 2024 में 2,000 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 15,000 अमेरिकी डॉलर हो गई है, जो 2023 की तुलना में तीन गुना अधिक है। यह जानकारी अधिकार समूह 'ऑक्सफैम इंटरनेशनल' की वैश्विक असमानता पर नवीनतम रिपोर्ट में दी गई। 'ऑक्सफैम इंटरनेशनल' ने अरबपतियों की संपत्ति में भारी उछाल और गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या में 1990 के बाद से कोई खास बदलाव नहीं आने की तुलना की है।

■ वर्ष 2023 के तुलना में यह तीन गुना अधिक रही

ऑक्सफैम ने कहा कि 2024 में एशिया में अरबपतियों की संपत्ति में 299 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई। साथ ही उसने अनुमान लगाया कि अब से एक दशक के भीतर कम से कम पांच एक हजार अरब डॉलर से अधिक की संपत्ति वाले लोग होंगे।

### संपति पिछले वर्ष 2000 अरब डॉलर बढ़कर 15,000 डॉलर हुई

#### अरबपतियों की संपत्ति काफी हद तक अनुपयुक्त

अरबपतियों की 60 प्रतिशत संपत्ति अब विरासत, एकाधिकार शक्ति या सांठगांठ वाले संबंधों से प्राप्त होती है, जो दर्शाता है कि "अरबपतियों की अत्यधिक संपत्ति काफी हद तक अनुपयुक्त है। अधिकार समूह ने दुनियाभर की सरकारों से असमानता को कम करने, अत्यधिक धन-संपदा को समाप्त करने तथा नए अभिजात्यतंत्र को समाप्त करने के लिए सबसे अमीर लोगों पर कर लगाने का आग्रह किया।




*भुखमरी से ग्रस्त लोगों की संख्या बढ़ी : इसमें पूर्व की औपनिवेशिक शक्तियों से हुई क्षतियों की भरपाई कराने की भी मांग की गई। ऑक्सफैम इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक अमिताभ बेहार ने यहां कहा कि यह बात उल्लेखनीय है कि नई असमानता रिपोर्ट से पता चलता है कि अरबपतियों की संपत्ति में भारी वृद्धि हुई है और भुखमरी से ग्रस्त लोगों की बढ़ती संख्या के बीच यह और भी अधिक चिंताजनक है।*

#### सुपर-रिच पर अधिक कर लगाने की मांग

बेहर ने कहा कि यह आधुनिक उपनिवेशवाद की समस्या को ही उजागर करता है, जिसमें बहुराष्ट्रीय कंपनियां निर्मित संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा हड़प रही हैं। बेहार ने कहा कि ऑक्सफैम 'सुपर-रिच 'पर अधिक कर लगाने की जोरदार वकालत कर रहा है और दुनियाभर में सबसे अमीर लोगों पर अधिक कर लगाने की बढ़ती मांग का स्वागत करता है।

#### 10 सबसे अमीर 99 फीसदी संपत्ति गंवाए तो भी अरबपति रहेंगे

ऑक्सफैम की रिपोर्ट के अनुसार, अरबपतियों की संपत्ति 2024 में औसतन 5.7 अरब अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन की दर से बढ़ी, जबकि अरबपतियों की संख्या 2023 में 2,565 से बढ़कर 2,769 हो गई। इसमें कहा गया, दुनिया के 10 सबसे अमीर लोगों की संपत्ति औसतन प्रतिदिन लगभग 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर बढ़ी। वे रातोंरात अपनी संपत्ति का 99 प्रतिशत खोने पर भी अरबपति बने रहेंगे

#### सूची में 204 नए लोग शामिल

2024 में अरबपतियों की सूची में 204 नए लोग शामिल हुए। औसतन हर सप्ताह करीब चार नाम इसमें शामिल हुए। इस वर्ष केवल एशिया से 41 नए अरबपति सूची में शामिल हुए। रिपोर्ट में ऑक्सफैम ने कहा कि 'ग्लोबल नॉर्थ' के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोग 2023 में वित्तीय प्रणालियों के जरिये 'ग्लोबल साउथ' से प्रति घंटे तीन करोड़ अमेरिकी डॉलर हासिल करेंगे।

### 18 कंपनियों के लिए 2,299 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव

# वोल्टास, ल्यूमैक्स और यूएनओ मिंडा समेत 18 कंपनियां को पीएलआई योजना के लिए चुना गया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वोल्टास, एमआईआरसी इलेक्ट्रॉनिक्स, ल्यूमैक्स और यूएनओ मिंडा समेत 18 कंपनियों को 2,299 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध निवेश के साथ एसी तथा एलईडी लाइट के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत लाभ उठाने के लिए चुना गया है।

गत वर्ष अक्टूबर में तीसरे दौर में 38 कंपनियों ने इस योजना के तहत 4,121 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के साथ आवेदन दाखिल किए थे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा, पीएलआई योजना के ऑनलाइन आवेदन के तीसरे चरण के लिए कुल 38 आवेदन मिले। इन आवेदनों पर विचार करने के बाद सरकार ने अस्थायी रूप से 18 नई कंपनियों का चयन किया है।









#### 10 विनिर्माता एसी के कलपुर्जे बनाएंगे

इन कंपनियों में एयर कंडीशनर के कलपुर्जों के 10 विनिर्माता और एलईडी लाइट के आठ विनिर्माता शामिल हैं। इसके लिए 2,299 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जतायी गई है। इसके अलावा, छह मौजूदा पीएलआई लाभार्थियों को उच्च निवेश श्रेणियों में 'अपग्रेड' करने के लिए अस्थायी रूप से चुना गया है। इसके लिए 1,217 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश होगा।

#### 84 कंपनियां निवेश लाने वाली है

बयान के अनुसार, " कुल मिलाकर इन वस्तुओं के लिए पीएलआई योजना के तहत 84 कंपनियां 10,478 करोड़ रुपये का निवेश लाने वाली हैं, जिसके परिणामस्वरूप 1,72,663 करोड़ रुपये मूल्य का उत्पादन होगा। मंत्रालय के अनुसार, वोल्टास कंपोनेंट्स ने कंप्रेसर बनाने के लिए 256.73 करोड़ रुपये निवेश करने की प्रतिबद्धता जतायी है।

■ गत वर्ष अक्टूबर में तीसरे दौर में 38 कंपनियों ने किया था आवेदन

■ योजना के तहत 84 कंपनियां 10,478 करोड़ रुपए का निवेश लाने वाली हैं

■ वोल्टास कंपोनेंट्स कंप्रेसर बनाने के लिए 256.73 करोड़ रुपए निवेश करेगा

*एमआईआरसी ने एक्सचेंजर्स बनाने का दिया प्रस्तावः एमआईआरसी इलेक्ट्रॉनिक्स ने 51.5 करोड़ रुपये के निवेश के साथ मोटर और हीट एक्सचेंजर्स एसी उत्पाद बनाने का प्रस्ताव दिया है।"*

*एसी के कलपुर्जों का देश में होगा निर्माण इसमें कहा गया, एयर कंडीशनर के लिए कंपनियां कम्प्रेसर, कॉपर ट्यूब और हीट एक्सचेंजर जैसे कलपुर्जों का विनिर्माण करेंगी।*

#### केवल एक ने योजना से बाहर निकलने का लिया निर्णय

आवेदकों में से एक ने योजना से बाहर निकलने का निर्णय लिया है तथा उसने आवेदन वापस ले लिया है। छह मौजूदा पीएलआई लाभार्थियों को उच्च निवेश श्रेणियों में 'अपग्रेड' करने के लिए अस्थायी रूप से चुना गया है। इनमें हिंडाल्को इंडस्ट्रीज (360 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रतिबद्ध निवेश), एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया (433 करोड़ रुपये), ब्लू स्टार क्लाइमेटेक (180 करोड़ रुपये) और वोल्टास लिमिटेड (200 करोड़ रुपये) शामिल हैं।

## महाकुंभ के दौरान 12 लाख अस्थायी रोजगार होंगे पैदा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



■ पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में 4.5 लाख रोजगार पैदा होंगे

प्रयागराज में संगम तट पर चल रहे महाकुंभ के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में करीब 12 लाख अस्थायी रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। एनएलबी सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन अलुग ने सोमवार को यह जानकारी दी। अलुग ने कहा कि संगम तट पर होने वाला यह ऐतिहासिक समागम आर्थिक विकास और अस्थायी रोजगार के नजरिये से एक ऊर्जा-केंद्र के रूप में सामने आया है।

उन्होंने कहा, ''महाकुंभ का आर्थिक प्रभाव कई क्षेत्रों में फैला हुआ है। बुनियादी ढांचा विकास, कार्यक्रम प्रबंधन, सुरक्षा सेवाएं, स्थानीय व्यापार, पर्यटन, मनोरंजन और बागवानी जैसे क्षेत्र पारंपरिक एवं आधुनिक दोनों तरह के व्यवसायों में विकास को बढ़ावा दे रहे हैं।'' अलुग ने कहा कि अकेले पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग में ही महाकुंभ के दौरान लगभग 4.5 लाख अस्थायी रोजगार सृजित होने का अनुमान है। इनमें होटल स्टाफ, टूर गाइड, पोर्टर, यात्रा सलाहकार और कार्यक्रम समन्वयक जैसी भूमिकाएँ शामिल हैं।


**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION Raipur (C.G.).**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in (First Call)**

**NIT NO: 422 /NNR/Electrical /RMC/2025** **RAIPUR DATED: 20.01.205**

Online bids are invited for the following works of works up to **10.02.2025 at 17:30 hours.**

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work | Amount of the Estimate (In Lacs) | Cost of Tender form | Earnest Money Deposit (In Lacs) | Eligible class of Contract or/ firm | Time allowed for Completion | SOR Applicable |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 164915 | सांईस सेंटर के पीछे से रिंग रोड नं. 03 तक एवं मोवा मुख्यमार्ग से अशोका आईकॉन तक जाने वाली रोड़ में विद्युत पोल एवं एलईडी लाईट लगाये जाने का कार्य । | 128.87 Lacs | 3000.00 | 1,00,000.00 | "C" & ABOVE | 04 Months | PWD ELECTRICAL SOR 2020 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in in from **20.01.205** 17.30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18002582502** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in 3. For More Details please download NIT details.

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**EXECUTIVE ENGINEER**
**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**


## आईआरएफसी का मुनाफा बढ़कर 1,631 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** भारतीय रेल वित्त निगम लिमिटेड (आईआरएफसी) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दो प्रतिशत बढ़कर 1,631 करोड़ रुपये हो गया। रेल मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण वाली इस गैर-बैंकिंग वित्तीय इकाई (एनबीएफसी) का वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में शुद्ध लाभ 1,599 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल आय अक्टूबर-दिसंबर अवधि में बढ़कर 6,766 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में 6,740 करोड़ रुपये थी।

## मजबूत वैश्विक रुख से सेंसेक्स 454 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 454 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,300 अंक के ऊपर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच मुख्य रूप से बैंक शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 454.11 अंक उछलकर 77,073.44 अंक पर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 699.61 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 141.55 अंक यानी 0.61 प्रतिशत चढ़कर 23,344.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से कोटक महिंद्रा बैंक में नौ प्रतिशत से अधिक की जबर्दस्त तेजी देखने को मिली। बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में 10 प्रतिशत बढ़कर 4,701 करोड़ रुपये रहने की सूचना से इसके शेयर उछल गए। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और एशियन पेंट्स में भी प्रमुख रूप से तेजी रही।

दूसरी तरफ, जोमैटो को सर्वाधिक 3.14 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। अपेक्षा से कमतर तिमाही नतीजों के कारण इसके शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला।

## आईडीबीआई बैंक का शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत बढ़कर 1,908 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी नियंत्रित बैंक का गत वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में शुद्ध लाभ 1,458 करोड़ रुपये रहा था। कुल आय बढ़कर 8,565 करोड़ रुपये हो गई। जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 7,514 करोड़ रुपये थी।


शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान
94060-21769


**बिजनेस साइट**

## उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में आज से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रायपुर।** उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल, भाठागांव में विभिन्न बीमारियों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं सुलभ और सस्ती दरों पर उपलब्ध कराना है। हॉस्पिटल में विभिन्न तिथियों पर विभिन्न जांचों की सेवाएं दी जा रही हैं। 21 जनवरी को मूत्र रोग की निशुल्क यूरो फ्लो जांच, 24 जनवरी को हृदय की निशुल्क इको जांच, 27 जनवरी को मस्तिष्क की निशुल्क ईईजी जांच, 30 जनवरी को लिवर की फाइब्रोस्कैन जांच और 31 जनवरी को पेट रोग की एंडोस्कोपी जांच आयोजित की जाएगी। इस पहल के बारे में उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विनोद सिंह ने जानकारी दी और कहा कि यह कदम छत्तीसगढ़ के लोगों के स्वास्थ्य के प्रति हॉस्पिटल की जिम्मेदारी का एक हिस्सा है।


**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in (2nd Call )**

**NIT NO: 57/ZONE 07/2025** **RAIPUR DATED: 18.01.2025**

Online bids are invited for the following works up to **03.02.2025** at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract (In Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 164804 | स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रं. 39 अंतर्गत मायाराम सुरजन शा.उ.मा.शाला चौबे कालोनी में भूतल में 02 अतिरिक्त कक्ष एवं प्रथम तल में हॉल निर्माण कार्य। | 40.00 |
| 2 | 164806 | पं ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 22 जोन क्रमांक 07 अंतर्गत आंगनबाडी निर्माण कार्य। | 25.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **18.01.2025** 17.30 **Hours** (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal. NIT Details and other document.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**ZONE COMMISSIONER**
**ZONE NO. 07 , MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**



हरिभूमि **HEALTH CARE**
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, इमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# भारतीय टीम से जुड़े शमी, घुटने पर पट्टी बांधकर किया अभ्यास

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ सफेद गेंद की सीरीज के शुरुआती मैच से पहले रविवार को यहां जब अपने तीन घंटे के अभ्यास सत्र के लिए एकत्र हुई तो सभी की नजरें तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पर थी। चोट के कारण 14 महीने के लंबे अंतराल पर राष्ट्रीय टीम में वापसी करते हुए शमी ने एक घंटे से अधिक समय तक पूरी लय में गेंदबाजी की। अपने बाएं घुटने पर भारी पट्टी बांधकर शमी ने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल की निगरानी में शुरुआत में छोटे रनअप के साथ धीमी गेंदबाजी की और फिर पूरे रनअप के साथ गेंदबाजी की गति को बढ़ाया। उन्होंने लगभग एक घंटे तक गेंदबाजी करने के बाद क्षेत्ररक्षण अभ्यास में भी हिस्सा लिया। शमी की फिटनेस को लेकर संदेह था। उन्होंने अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा जैसे युवा बल्लेबाजों को अपनी गति और सटीक लाइन लेंथ से परेशान कर हर तरह की चिंताओं को दूर किया।

### जुरेल ने लगाए आक्रामक शॉट

विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने उनके खिलाफ कुछ आक्रामक शॉट लगाए। गेंदबाजी अभ्यास खत्म करने के बाद उन्होंने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल से बातचीत की।

### हार्दिक के साथ मुख्य कोच की 'गंभीर' चर्चा

भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या कोलकाता में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पूर्व अभ्यास सत्र के दौरान 30 मिनट तक चर्चा करते दिखे। भारतीय टीम टी20 सीरीज से पहले ईडन गार्डेंस पर अभ्यास शिविर कर रही है और इस दौरान गंभीर और हार्दिक नेट्स से दूर बातचीत करते नजर आए।



## खबर संक्षेप



### प्रज्ञानानंदा जीते, गुकेश और एरिगेसी ने खेला ड्रॉ

**विज्क आन जी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने हमवतन पी हरिकृष्णा को हराया जबकि अर्जुन एरिगेसी ने 87वें टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ड्रॉ खेला। इससे पहले विश्व चैंपियन डी गुकेश ने रूसी मूल के ब्लादीमिर फेडोसीव से ड्रॉ खेला था जबकि लियोन ल्यूक मेंडोसा को उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने हराया। 19 वर्ष के प्रज्ञानानंदा ने डिफेंस और जवाबी हमलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरिकृष्णा को मात दी।

### सिंगापुर ने श्रीधर को बनाया अतिरिक्त कोच

**सिंगापुर।** भारत के पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी अनूप श्रीधर को सोमवार को सिंगापुर बैडमिंटन संघ ने एक एकल कोच नियुक्त किया जिन्होंने देश के लिए एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।



हालांकि दक्षिण कोरिया के किम जि ह्यून एसबीए की पुरुष और महिला टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे। एसबीए के उपाध्यक्ष प्रोफेसर डेविड टैन ने कहा, 'अभी उनके शुरुआत करने की तारीख तय नहीं है क्योंकि यह उनके काम के लिए वीजा मंजूरी पर निर्भर रहेगी। हम निश्चित रूप से चाहते हैं कि अनूप जल्द से जल्द टीम से जुड़ जाएं।'

### मुझे कुछ साबित करने की जरूरत नहीं : अक्षर

**कोलकाता।** स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर अक्षर पटेल किसी भी समय अनुभवी रविंद्र जडेजा की जगह लेने के दावेदार हैं। वह भारतीय टेस्ट टीम में होने वाले बड़े बदलाव के दौरान पैदा होने वाली संभावनाओं से वाकिफ हैं लेकिन उन्हें अपने मामले में किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है। अक्षर सोमवार को 31 साल के हो गए हैं और अपने सीनियर साथी के समान कौशल होने के बावजूद वह पिछले एक दशक से जडेजा की अनुपस्थिति में ही टीम में जगह बना पाते हैं।



**आस्ट्रेलियन ओपन : रूने को 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से हराया**

# सिनेर ने भीषण गर्मी में जीता मैच, 12वीं बार ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर में पहुंची एलिना

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

इटली के यानिक सिनेर और डेनमार्क के होल्गर रूने दोनों को 32 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में खेले गए आस्ट्रेलियाई ओपन मैच में मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा और इसके बाद सिनेर की दमदार सर्विस पर रॉड लावेर एरिना का नेट निकल जाने से 20 मिनट का विलंब हुआ। आखिर में गत चैंपियन सिनेर ने 13वीं वरीयता प्राप्त रूने को 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनेर गर्मी से निपटने के लिए चेहरे पर ठंडा तौलिया रखते दिखे और कई बार गर्दन पर पानी भी गिराया। तीसरे सेट में दस मिनट से ज्यादा विलंब के बीच वह लॉकर रूम में चिकित्सा सहायता के लिए गए। सिनेर का सामना अब आस्ट्रेलिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनाउर या अमेरिका के गैर वरीय एलेक्स मिचेलसन से होगा। इटली के ही 55वीं रैंकिंग वाले लोरेंजो सोनेगो ने अमेरिकी क्वालीफायर लर्नर टियेन को 6-2, 6-3, 3-6, 6-1 से मात दी। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में नोवाक जोकोविच की टक्कर कार्लोस अल्काराज से और अलेक्जेंडर ज्वेरेव की भिडंत टॉमी पॉल से होगा।



### स्वितोलिना की दमदार वापसी



महिला वर्ग में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने 1-4 से पिछड़ने के बाद अगले 12 में से 11 गेम जीतकर वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-4, 6-1 से हराकर तीसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 30 वर्ष की एलिना 12वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। वह 2019 के बाद यहां पहली बार अंतिम आठ में पहुंची है। एलिना ने 2021 में फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से शादी की और दोनों की बेटी सकाइ का जन्म 2022 में हुआ।

### तीन सेट में जीती मेडिसन

स्वितोलिना का सामना अब 19वीं रैंकिंग वाली मेडिसन कीस से होगा जिसने 2022 विम्बलडन चैंपियन एलेना रिकाबिना को 6-3, 1-6, 6-3 से हराया। कीस 2015 और 2022 में यहां सेमीफाइनल में पहुंची है। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में एडीलेड में खिताब जीता था। स्वितोलिना ने मैच के बाद टीवी कैमरा लेंस के लिए मैसेज में लिखा, 'द स्पिरिट आफ यूक्रेन ' और दिल का आकार बनाया। उन्होंने लाल ड्रेस, लाल जूते और लाल कैप पहनी थी। दर्शकों ने उनके लिए पीले और नीले रंग के यूक्रेन के ध्वज लहराए।

**बैडमिंटन टूर्नामेंट**

# सात्विक-चिराग की निगाहें सत्र के पहले खिताब पर



एजेंसी ▶▶| जकार्ता

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में साल का अपना पहला खिताब जीतने के उद्देश्य से कोर्ट पर उतरेगी। लक्ष्य सेन सत्र की निराशाजनक शुरुआत को पीछे छोड़कर वापसी करना चाहेंगे।

सात्विक और चिराग की दुनिया की नौवें नंबर की जोड़ी शानदार फॉर्म में है। यह स्टार जोड़ी पिछले दो टूर्नामेंट मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंची थी। सात्विक और चिराग दोनों सेमीफाइनल सीधे सेटों में हार गए थे और अब उनका लक्ष्य इस टूर्नामेंट में आगे तक जाना होगा। यह भारतीय जोड़ी इंडोनेशिया मास्टर्स में अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे के चेन झी-रे और यू चीह लिन के खिलाफ करेगी। भारत के एकल खिलाड़ी सेन और पीवी सिंधु के सामने आसान चुनौती नहीं होगी। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले 23 वर्षीय सेन पिछले दो टूर्नामेंट में पहले दौर से बाहर हो गए थे और वह यहां इसकी कमी पूरा करना चाहेंगे।

### शुओ युन से भिड़ेंगी सिंधू

महिला एकल राउंड 32 में सिंधू अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन के खिलाफ करेंगी। उनके अलावा आकर्षी कश्यप जापान की नोजोमी ओकुहारा से और अनुपमा उपाध्याय स्थानीय खिलाड़ी ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से भिड़ेंगी। सिंधु इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में हार गईं थी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय स्टार यहां इसकी भरपाई करने को उत्सुक होंगी। महिला एकल क्वालीफिकेशन में ईशारानी बरुआ का सामना हमवतन रक्षिता रामराज से होगा जबकि तान्या हेमंथ का मुकाबला चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग से होगा।

# पंत बने लखनऊ सुपर जाइंट्स के नए कप्तान

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

■ 27 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड कीमत पर लखनऊ से जुड़े थे पंत

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को सोमवार को आईपीएल के आगामी सत्र के लिए लखनऊ सुपर जाइंट्स का कप्तान बनाया गया और उन्होंने टीम को पहला खिताब दिलाने के लिए अपना दो सौ फीसदी देने का भरोसा दिलाया। पंत को आईपीएल की मेगा नीलामी में लखनऊ टीम ने 27 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड कीमत पर खरीदा था।

पंत ने नया कप्तान बनाये जाने के बाद मीडिया से कहा, 'मैं अपना 200 प्रतिशत दूंगा। यह मेरा आपसे वादा है। मैं इस भरोसे पर खरे उतरने की कोशिश करूंगा। मैं नई शुरुआत और नई ऊर्जा को लेकर काफी रोमांचित हूं।' टीम के मालिक संजीव गोयनका ने कहा, 'हम नई उम्मीदों और आकांक्षाओं के साथ शुरुआत करेंगे। सबसे अहम है कि नए आत्मविश्वास के साथ। मैं आपके सामने हमारे नए कप्तान ऋषभ पंत को पेश करता हूं।' पूर्व टीम दिल्ली कैपिटल्स के साथ कप्तानी विवाद का विषय बन गई थी जिसके बाद बातचीत नाकाम रहने पर पंत ने टीम के साथ बने नहीं रहने का फैसला किया।

पंत ने नई टीम को लेकर कहा, 'मैं इस टीम के साथ खुश हूं। हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। हम वहां तक नहीं पहुंच पाये हैं, जहां होना चाहिए। लेकिन अब सफर यह है कि इस टीम को नई ऊंचाइयों तक कैसे ले जाते हैं।'



### नीलामी में पंत को खरीदने मची थी होड़

दिल्ली की टीम पंत को रखना चाहती थी लेकिन उन्होंने पक्का भरोसा नहीं दिलाया था कि वह कप्तान होंगे लिहाजा पंत फिर नीलामी का हिस्सा बने। नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद को पछाड़कर लखनऊ ने पंत को 20 करोड़ 75 लाख रुपए में खरीदा लेकिन दिल्ली ने राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल किया जिसके बाद लखनऊ ने 27 करोड़ रुपए की बोली लगाई। पंत 2016 से दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े हैं और उन्हें 2021 में कप्तान बनाया गया। दिसंबर 2022 में भयावह कार दुर्घटना में बाल बाल बचे पंत 2023 में नहीं खेल सके थे।

### रोहित, यशस्वी मुंबई की रणजी टीम में शामिल

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को सोमवार को जम्मू कश्मीर के खिलाफ 23 जनवरी से यहां एमसीए-बीकेसी मैदान पर होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया। अनुभवी खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे। रोहित ने शनिवार को रणजी ट्रॉफी के अगले दौर के मैच में भाग लेने की पुष्टि कर दी थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बाद खेल के लंबे प्रारूप में रोहित की फॉर्म को लेकर पिछले कुछ समय से सवाल उठ रहे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने हाल में सभी अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना अनिवार्य कर दिया, बस फिटनेस संबंधित मुद्दों पर ही उन्हें छूट मिलेगी।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम | Union Bank of India A Government of India Undertaking
क्षेत्रीय कार्यालयः एलआईसी इन्वेस्टमेंट बिल्डिंग, तृतीय तल, फेस-2, जीवन बीमा मार्ग, पण्डरी, रायपुर

**दृष्टिबंधक समझौते के तहत वाहनों की बिक्री के लिए नीलामी बिक्री सूचना**

**बोली प्राप्त करने की अंतिम तिथिः 04.02.2025 शाम 11.00 बजे तक**
**बोली खोलने की तारीख और समय 04.02.2025 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे के बीच**

सभी संबंधितों को यह सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित चल संपत्ति **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया रायपुर** के पक्ष में सुरक्षित है, और सुरक्षित लेनदार ने दृष्टिबंधक समझौते के तहत अधिकार प्राप्त होने पर कब्जा ले लिया है। चूँकि उधारकर्ता बैंक का बकाया चुकाने में विफल रहा है। जब्त की गई चल संपत्ति को बैंक बकाया की वसूली के लिए **दिनांक 04.02.2025** को ''जैसा है जहां है'' जैसा है'' और ''जो कुछ है'' पर नीलामी द्वारा बेचा जाएगा। इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और गारंटीकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है, यदि उनका बकाया बकाया एवं अन्य खर्च **31.01.2025** से पहले पूरा नहीं चुकाया जाता है, तो वाहनों की नीलामी **04.02.2025** को की जाएगी।

**नीलामी की तिथि एवं समयः 04.02.2025 प्रातः 11.00 बजे से दोप. 3.00 बजे तक**

| क्र. सं. | शाखा का नाम | चल संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण | आरक्षित मूल्य | बोली वृद्धि राशि | कुल देयताएं |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बालोद | CG24 S 9136 HYUNDAI MOTOR INDIA LTDI 20 ASTA 1.2 KAPPA MT2022 | ₹ 552000.00 | ₹ 10000.00 | ₹ 7,33,000.00 + ब्याज |
| 02 | डोंगरगढ़ | CG 08 AU 8777 MARUTI SUZUKI LIMITED SWIFT VXI 2022 | ₹ 459000.00 | ₹ 10000.00 | ₹ 5,63,000.00 + ब्याज |
| 03 | भिलाई | CG 07 BG 0668 Maruti Suzuki ALTO K 10 VXI 2017 | ₹ 118000.00 | ₹ 5000.00 | ₹ 2,23,000.00 + ब्याज |

वाहन की बिक्री और निरीक्षण के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए **(30.01.2025 तक)** कृपया क्षेत्रीय कार्यालय (रायपुर) से संपर्क करें। क्षेत्रीय कार्यालयः एलआईसी इन्वेस्टमेंट बिल्डिंग, तृतीय तल,फेस-2, जीवन बीमा मार्ग, पंडरी, रायपुर, मोबा.- 7800002186, कार्यालय समय के दौरान 9555451450 ईमेल करें- **crld.raipur@unionbankofindia.bank.**

दिनांक : 20.01.2025, स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

**वायरस को भगाओ, बाफना एनर्जी ड्रिंक को अपनाओ**




Website : www.bafnabiotech.com, For Feed & Complaint : bafnabiotech@gmail.com
Consumer Complaint on : +91 8989405858, +91 9425504640

**महिला वर्ल्ड कप : नाइजीरिया का डेब्यू**

# में बड़ा उलटफेर, न्यूजीलैंड को हराया

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

पहली बार खेल रहे नाइजीरिया ने बड़ा उलटफेर करते हुए आईसीसी महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप के वर्षाबाधित मैच में न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम को दो रन से हरा दिया।

नाइजीरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 65 रन बनाए। इसके बाद न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 57 रन था और 13 ओवर के मैच में उसे आखिरी ओवर में नौ रन बनाने थे। ऐसे में तेज गेंदबाज लिलियन उडेह ने किफायती गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को दो रन कम पर रोक दिया।उडेह (19) और कप्तान लकी पीटी (18) नाइजीरिया के लिए दोहरे अंक में पहुंचने वाली खिलाड़ी थी। वहीं न्यूजीलैंड के लिए अनिका टोड ने सर्वाधिक 19 रन बनाए। ग्रुप सी के मैच में आईसीसी पूर्णकालिक सदस्य देश की टीम को भी हरा दिया। नाइजीरिया और समोआ के बीच शनिवार का मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। एक अन्य मैच में आस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को दो विकेट से हराया। अमेरिका ने जोहोर में हुए मैच में आयरलैंड को नौ विकेट से मात दी।



**आधिपत्य सूचना**

HDFC BANK

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**
**शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर**
Tel: 0771-4243149/240 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

जबकि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी), प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('उक्त अधिनियम') और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किए गए। उक्त अधिनियम के तहत, निम्नलिखित उधारकर्ताओं/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों से आव्हान किया गया है कि वे अपने संबंधित नामों के सामने उल्लेखित राशि का भुगतान उक्त नोटिस में उल्लेखित लागू दरों पर ब्याज सहित करें। उक्त नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिन, आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान और/या वसूली की तारीख तक।

| क्रं. | ऋणी (ओं) के नाम/ कानूनी वारिस (ओं) एवं कानूनी प्रतिनिधि (यों) | बकाया राशि* | मांग सूचना की दिनांक | आधिपत्य दिनांक | अचल संपत्ति (यों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | **श्री सिंह नरेंद्र प्रताप, श्रीमती राठौड़ जीत कुँवर,** सभी निवासी – क्वार्टर नंबर 184 A/c, रुआबांधा सेक्टर, भिलाई–490006. | ₹ 19,79,852/- दिनांक 30 जून 2022* तक | 22-Jul-22 | 16-Jan-2025 (भौतिक कब्जा) | फ्लैट क्रमांक 21A, ब्लॉक–H1, छठवीं मंजिल चौहान टाउन फेस II और III, स.क्र., खसरा नं. 714, 716, 308, प.ह.नं.15, मौजा जुनवानी, भिलाई, छ.ग. |
| 02. | **श्री चक्रवर्ती कुणाल,** फ्लैट–123/O, फ्लोर–3, पारिजात अपार्टमेंट, ट्विन सिटी, तालपुरी हाउसिंग, बोर्ड कॉलोनी, आमदी, रुआबांधा; भिलाई–491001. | ₹ 4,77,291/- दिनांक 31 अगस्त 2024* तक | 03-Oct-2024 | 16-Jan-2025 (सांकेतिक कब्जा) | फ्लैट–123/O, फ्लोर–3, पारिजात अपार्टमेंट, स. क्रमांक. ट्विन सिटी तालपुरी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आमदी; रुआबांधा; भिलाई छ.ग. |
| | **श्री चक्रवर्ती कुणाल,** मकान नं. 123/P, पारिजात मोंगरा जूही, ब्लॉक बी, तालपुरी, दुर्ग तालपुरी वार्ड 63, भिलाई नगर, दुर्ग – छत्तीसगढ़, पिन – 491001. भारत। **श्री चक्रवर्ती कुणाल,** टाइडल हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, घाटकोपर–वेस्ट, ए–101, घाटकोपर इंडस्ट्रियल एस्टेट, एलबीएस मार्ग, घाटकोपर–वेस्ट मुंबई – 400086. **श्रीमती चक्रवर्ती तृप्ति,** फ्लैट–123/O, फ्लोर–3, पारिजात अपार्टमेंट, ट्विन सिटी, तालपुरी हाउसिंग, बोर्ड कॉलोनी, आमदी, रुआबांधा; भिलाई–491001. **श्रीमती चक्रवर्ती तृप्ति,** मकान नं. 123/P, पारिजात मोंगरा जूही, ब्लॉक बी, तालपुरी, दुर्ग तालपुरी वार्ड 63, भिलाई नगर, दुर्ग – छत्तीसगढ़, पिन – 491001. भारत। | | | | |

*भुगतान और/या वसूली की तारीख तक लागू अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के साथ।
हालाँकि, चूँकि ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि देय राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों को विशेष रूप से और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारियों ने धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऊपर वर्णित अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति(यों) पर कब्ज़ा कर लिया है। उक्त अधिनियम ऊपर उल्लेखित तिथियों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा जाता है।
विशेष रूप से ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उपरोक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ लेनदेन न करें और उक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ कोई भी लेनदेन एचडीएफसी के बंधक के अधीन होगा।
उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा 8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।
निकाले गए पंचनामा और बनाई गई सूची की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त करें।
दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्र

स्थान–दुर्ग, दिनांक : 21.01.2025

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड के लिए
वास्ते
प्राधिकृत अधिकारी

रजिस्टर्ड ऑफिस : एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापती बापत मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई–400013

ASA






# चीटियों की ये हैरान करने वाली बातें नहीं जानते होंगे आप

एजेंसी ▸▸ लंदन

धरती पर कई तरह के अनोखे जीव मिलते हैं। भगवान ने पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए सभी जीवों को जिम्मेदारी सौंपी हैं। इन जीवों में चींटी भी शामिल है। चीटियों को सामाजिक प्राणी कहा जा सकता है। यह हर जगह पाई जाती हैं। सबसे खास बात है कि यह कॉलोनी बनाकर रहती हैं। रानी चींटी, नर चींटी और मादा चीटियां होती हैं।

**एक लाइन में चलती हैं चीटियां :** चीटियों में कई अनोखी चीजें देखी जा सकती हैं। चीटियों की एक आदत सबको हैरान करती है। आपने देखा होगा कि चीटियां हमेशा एक ही लाइन में चलती हुई दिखाई देती हैं। चीटियों की इस आदत के पीछे एक बड़ी वजह है। चीटियां दुनिया में गांव हो, शहर हो या जंगल हर जगह पाई जाती हैं। उनकी खासियत है कि वह एक परिवार बनाकर रहती हैं। धरती पर चीटियों की कई प्रजातियां पाई जाती हैं। रानी चींटी, नर चींटी और मादा चीटियां हमेशा एक साथ और अपना परिवार बनाकर रहती हैं। नर चीटियों में पंख होता है, जबकि मादा चीटी में पंख नहीं होते हैं।

**सबसे खतरनाक चींटियां मिलती हैं अमेजन के जंगलों में :** दुनिया में हर जगह चींटी पाई जाती हैं, लेकिन सिर्फ यह अंटार्कटिका में नहीं पाई जाती हैं। ब्राजील के अमेजन के जंगलों में सबसे खतरनाक चींटियां मिलती हैं। बताया जाता है कि वह बहुत तेज डंक मारती हैं। उनके डंक की चोट के बाद ऐसा महसूस होता है कि बंदूक की गोली शरीर में लग गई हो।



## अंधी होती हैं चीटियां

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि चींटियों के पास आंखें सिर्फ दिखाने के लिए होती हैं। चीटियां देख नहीं सकती हैं, क्योंकि वो अंधी होती हैं। चीटियां खाने की खोज में बाहर निकलती हैं, तो उनमें सबसे आगे रानी चलती है। रानी चींटी रास्ते में एक रसायन छोड़ती है जिसका नाम फेरोमोन्स है। इसी की गंध को सूंघकर बाकी चींटियां भी पीछे-पीछे लाइन में चलती रहती हैं। इसकी वजह से एक लाइन बन जाती हैं। चींटियों में एक लाइन में चलने की यही वजह है।

दुनिया के खत्म होने की समय-समय पर खबरें और भविष्यवाणियां सुनने और पढ़ने को मिलती हैं। दुनिया में कई भविष्यवक्ता हैं, जिन्होंने दुनिया के अंत की भविष्यवाणी की है। उन्होंने अपनी भविष्यवाणी में बताया है कि दुनिया का अंत कब होगा। अब इस बीच एक ऐसा रहस्यमयी दस्तावेज सामने आया है, जिसने पूरी दुनिया की नींद उड़ा दी है। दरअसल, अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के एक गोपनीय दस्तावेज से डराने वाला खुलासा हुआ है।



# कब और कैसे होगा दुनिया का अंत? सीआईए के दस्तावेज से खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने 50 सालों से ज्यादा समय तक एक किताब को गोपनीय रखा था। इस किताब में दुनिया के अंत की एक हैरान करने वाली थ्योरी है। इस किताब का नाम द एडम एंड ईव स्टोरी है, जिसे अमेरिकी वायुसेना के पूर्व कर्मचारी, यूएफओ शोधकर्ता और आत्मघोषित साइकोकि चैन थॉमस ने 1996 में लिखा था। इस किताब को अब सार्वजनिक किया गया है। अब सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर अमेरिका ने इस किताब को अभी तक छिपाकर क्यों रखा था?

## हजारों साल बाद आती है विनाशकारी आपदा

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस किताब को साल 2013 में आंशिक रूप से डीक्लासीफाई किया गया था, लेकिन अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने सीआईए के डेटाबेस में ही छिपाया हुआ था। हाल ही में इसे एका बार फिर सामने लाया गया है। चैन थॉमस ने बताया है कि हर 6,500 साल में एक महाप्रलय आती है, जैसे बाइबिल में वर्णित 'ग्रेट फ्लड' ने धरती पर तबाही मचाई थी। थॉमस ने दावा किया है कि 6,500 साल पहले आई यह आपदा नोआह की बाढ़ थी। उनका दावा है कि इसके कुछ पुरातात्विक और भूवैज्ञानिक प्रमाण हैं।



## किताब के रहस्य पर क्यों उठ रहे सवाल?

सीआईए ने इस किताब को क्यों गोपनीय रखा था? यह साफ नहीं है। हालांकि, विशेषज्ञ मानते हैं कि आशंका थी कि इसके कारण जनता में भय पैदा होगा। मैकडॉनेल डगलस एयरोस्पेस कंपनी से चैन थॉमस जुड़े थे। वहां पर उन्होंने गोपनीय परियोजनाओं पर काम किया था। हालांकि, उनके सीआईए से प्रत्यक्ष संबंध होने को लेकर कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं हैं।

## कैसे होगा महाविनाश?

चैन थॉमस ने किताब में लिखा है कि धरती के चुंबकीय क्षेत्र में अचानक और तेजी से बदलाव होगा। इससे पूरी दुनिया में तबाही मच जाएगी। उन्होंने दावा किया है कि अमेरिका में कैलिफोर्निया के पहाड़ पत्तों की तरह हिलने लगेंगे और प्रशांत महासागर में एक विशालकाय लहर बनकर पूर्व की तरफ बढ़ेगी। कुछ ही घंटों में लॉस एंजिल्स, सैन फ्रांसिस्को, शिकागो, डलास और न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहर इतिहास बन जाएंगे।

## थ्योरी पर नासा की राय

नासा और अन्य वैज्ञानिक संस्थानों का कहना है कि पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र पोल रिवर्सल प्रक्रिया से होकर गुजरता है। ऐसा हर 3,00,000 सालों में होता है। इस प्रक्रिया में चुंबकीय क्षेत्र कमजोर हो सकता है, लेकिन इससे थॉमस द्वारा वर्णित विनाशकारी प्रभाव पैदा नहीं होता है। नासा के वैज्ञानिक मार्टिन म्लिन्जक ने कहा है कि यह असंभव है कि चुंबकीय क्षेत्र में 90-डिग्री का बदलाव हो। अगर ऐसा हर 6,500 साल में होता, तो इसका प्रमाण भूवैज्ञानिक रिकॉर्ड में जरूर रहता।

## कब आई थी नोआह की बाढ़?

थॉमस ने दावा किया है कि नोआह की बाढ़ 6,500 साल पहले आई थी, लेकिन अधिकांश विशेषज्ञों का मानना है कि यह बाढ़ 4,000 से 5,000 साल पहले आई थी। अगर बाढ़ 6,500 साल पहले नहीं आई थी, तो थॉमस की अगली आपदा की भविष्यवाणी गलत साबित हो सकती है।

# 9 साल की बेटियों के साथ संबंध लीगल... जाहिलों का मुल्क बना ये इस्लामिक देश!

बगदाद। दुनिया के तमाम देशों में मानवाधिकारों को लेकर मुहिम चलाए जा रहे हैं। खासकर महिलाओं को मुखर बनाने और उनको एक वस्तु नहीं समझने की मुहिम चलाई जा रही है। अपने देश में भी इस तरह के प्रयासों के फल देखने को मिले हैं। लेकिन, दुनिया में आज भी कई ऐसे देश हैं जहां महिलाओं की स्थिति नरक जैसी बना दी गई है।

- इराकी संसद में कानून बनाने का प्रस्ताव आया था

आज एक ऐसे ही देश की कहानी जहां महिलाओं के संबंध बनाने की लीगल उम्र 18 साल से घटाकर 9 साल करने की तैयारी चल रही है। यह एक इस्लामिक मुल्क है। दरअसल, हम बात कर रहे हैं इराक की। यहां आपसी सहमति से सेक्स की उम्र घटाकर नौ साल करने की तैयारी चल रही है। दुनिया भर के मानवाधिकार कार्यकर्ता इसे बच्चियों से बलात्कार को कानूनी मान्यता देना बता रहे हैं। दरअसल, बीते साल नवंबर-दिसंबर में इराकी संसद में बारे में कानून बनाने का प्रस्ताव आया था। इस वक्त इराक की संसद में शिया बहुल नेताओं का प्रभाव है।




# बगड़ा जंगल में मिला नर हाथी का शव अधिकारी बता रहे आपसी संघर्ष में मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनगरा/प्रतापपुर

जिले में हाथियों की मौत का सिलसिला जारी है। नए साल में पुनः एक नर हाथी की मौत हो गई। दंतैल का शव बगड़ा बंशीपुर जंगल में मिला है। फिलहाल हाथी के मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है लेकिन अधिकारी आपसी संघर्ष में हाथी के मौत की बात कह रहे है जबकि मौके पर संघर्ष जैसे कुछ खास निशान नहीं मिले है। मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने हाथी के मौत का कारण पता लगाया जा रहा है और पीएम के बाद हाथी के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

बता दें कि प्रतापपुर वन परिक्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। हाथी जंगलों से निकलकर फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही मकानों में तोड़फोड़ कर रहे है। रविवार को भी बगड़ा गांव के आसपास हाथियों की आवाजाही देखी गई थी। वन विभाग और हाथी मित्र दल लगातार निगरानी कर रहे थे लेकिन सोमवार सुबह जंगल में पुल के पास हाथी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। धरमपुर से सटे बगड़ा जंगल में बंशीपुर की ओर जाने वाले पुल के समीप एक नर हाथी का शव मिला। ग्रामीणों ने हाथी का शव देखकर इसकी जानकारी वन विभाग को दी। हाथी के मौत की सूचना मिलने के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद डीएफओ पंकज कमल, उप वन मंडलाधिकारी आशुतोष भगत, रेंजर सहित वन अमला मौके पर पहुंचा।



## 35 हाथियों के दल से हुआ था अलग

प्रतापपुर वन परिक्षेत्र में हाथियों के अलग अलग दल सक्रिय है। वर्तमान में 35 हाथियों का दल जंगल में विचरण कर रहा था जबकि 9 हाथियों का भी अलग दल घूम रहा था। मृत हाथी हाल ही में अपने 35 हाथियों के दल से अलग होकर 9 हाथियों के दल में शामिल हो गया था। अधिकारियों का कहना है कि हाथी के दूसरे दल में शामिल होने और अपने वर्चस्व को स्थापित करने के दौरान ही यह संघर्ष हुआ होगा। हाथियों की मौजूदगी के कारण वन विभाग द्वारा लोगों को हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और उनसे छेड़छाड़ नहीं किए जाने की सलाह दी जा रही है।

## आपसी संघर्ष में मौत

मृत नर हाथी का पीएम कराया गया है। पीएम के दौरान चोट के निशान मिले है। करंट व अन्य कोई कारण नहीं मिला है। आपसी संघर्ष में ही हाथी की मौत हुई है। -पंकज कमल डीएफओ

दिखेगा ब्लड मून का नजारा

# साल के पहले चंद्रग्रहण की आ गई तारीख

**वॉशिंगटन।** खगोलविद साल 2025 के पहले चंद्रग्रहण के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो आने वाली 13-14 मार्च की रात को होने जा रहा है। यह एक पूर्ण चंद्रग्रहण होगा, जिसमें ब्लड मून भी दिखाई देगा। चंद्रग्रहण उस खगोलीय घटना को कहते हैं, जो सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा के एक सीध में होने के चलते होती है। इस दौरान चंद्रमा पृथ्वी की छाया में सीधे गुजरता है। ऐसा होने से इसमें कुछ अजीब बदलाव आता है। यह कुछ वैसा ही है जब सूर्यग्रहण के दौरान पृथ्वी का एक हिस्सा चंद्रमा की छाया में चला जाता है।



## यहां पर दिखेगा चंद्रग्रहण का नजारा

पूर्ण चंद्रग्रहण का सबसे बेहतरीन नजारा उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका में रहने वालों को देखने को मिलेगा। टाइम एंड डेट के अनुसार, दुनिया की 13 फीसदी आबादी पूर्ण चंद्रग्रहण के मार्ग में होगी। यानी एक अरब लोग इसका दीदार करेंगे। यह केवल साफ आसमान में ही दिखाई देगा।

## 2022 के बाद पहला पूर्ण चंद्रग्रहण

मार्च में होने वाला यह ग्रहण नवम्बर 2022 के बाद से दुनिया में कहीं भी होने वाला पहला पूर्ण चंद्रग्रहण होगा। यह साल 2025 व 2026 में होने वाले तीन चंद्रग्रहण में से पहला होगा। मार्च 2025 के पूर्ण चंद्रग्रहण के दौरान फुल वॉर्म मून होगा और पृथ्वी की छाया में चला जाएगा। ऐसा होने पर चंद्रमा की चमक धीरे-धीरे कम होगी। अपनी पूर्णता के दौरान चंद्रमा की सतह का पूरा हिस्सा नारंगी-लाल रंग में नजर आएगा। यह 65 मिनट तक चलेगा।







# बंद थैली में मिला महिला का कटा सिर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोरबा

एक अज्ञात महिला की धड़ को अलग कर सिर को एक थैली में बांधकर हसदेव नदी में ही प्रवाहित कर दिया गया था जब देर शाम को पुलिस को इसकी सूचना मिली तो पुलिस के अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और थैली को खोलकर देखा गया तो उसमें महिला की कटी हुई सिर मिली जो काफी पुरानी बताई जा रही है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट व सीन ऑफ क्राइम के अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात में जुटे हुए हैं। कटी हुई सिर किस महिला की है यह कहां से बहते हुए आयी है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। जांच के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकेगा।



## महिला कौन थी, कहां की थी, अभी स्पष्ट नहीं

महिला की कटी हुई सिर मिलने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान, सीन ऑफ क्राइम के अधिकारी, सीएसईबी चौकी प्रभारी जितेंद्र यादव दलबल सहित मौके पर पहुंचे जहां थैली को पहले खोलकर देखा गया जिसमें एक महिला की कटी हुई सिर मिली है महिला कौन है कहां की है अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन जिस तरह से उसकी सिर कटी हुई अवस्था में मिली है इससे यह साफ है कि अज्ञात हत्यारे ने उसे ठिकाने लगाने की कोशिश की है। फिलहाल पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। जांच के बाद ही मामला से पर्दा उठ सकेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com